卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 257 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शुक्रवार ♦28 जून 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## नीट को लेकर संसद में हंगामा

### हंगामे के चलते सदन की कार्यवाही सोमवार तक स्थगित



नई दिल्ली(उद संवाददाता)। संसद के दोनों सदनों में आज से राष्ट्रपति के अभिभाषण के लिए धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा शुरू हुई। लोक सभा में चर्चा के पहले ही विपक्ष ने नीट को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। इसके बाद निचले सदन की कार्यवाही सोमवार सुबह तक के लिए स्थगित कर दी गई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बीते दिवस संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित किया था। शुक्रवार को राष्ट्रपति के इस अभिभाषण पर चर्चा होनी थी। चर्चा के बीच आज दोनों सदनों में नीट मामले को लेकर विपक्ष ने हंगामा किया। लोकसभा में नीट पर हंगामे के बाद सदन की कार्यवाही सोमवार तक स्थगित कर दी गई है। उधर, राज्यसभा में भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने जैसे ही राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा की शुरुआत की तो एनडीए के सहयोगी और पूर्व पीएम देवगौड़ा ने ही नीट का मुद्दा उठा दिया। देवगौड़ा ने राज्यसभा में नीट पेपर लीक का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि मामले में जांच जारी है और हमें सामूहिक जिम्मेदारी लेनी होगी। पूर्व पीएम ने हाथ (शेष पृष्ठ सात पर)

## आधी रात में काल बनकर आया सांप, मासूम भाई बहन की मौत



रामनगर(उद संवाददाता)। पीरूमदारा स्थित पार्वती कुंज में सांप ने एक ही परिवार के दो बच्चों को डस लिया। दोनों बच्चों की उपचार के दौरान मौत हो गयी। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद दोनों के शव परिजनों के सुपुर्द कर दिये। घटना से परिवार में कोहराम मचा है। जानकारी के अनुसार मूल रूप से पन्ना मध्यप्रदेश निवासी सुनील कुमार रैकवार परिवार के साथ 12 दिन पहले ही मजदूरी करने के लिए पीरूमदारा आया था।यहां कार बनाने वाली कंपनी हुंडई के शोरूम का निर्माण कार्य चल रहा है । इसी में राहुल का परिवार भी मजदूरी कर रहा था। बुधवार रात को सुनील अपनी पत्नी और तीन मासूम बच्चों के साथ जमीन पर सो रहा था। आधी रात को जहरीले सांप ने राहुल के छह वर्षीय पुत्र दीप और चार वर्षीय पुत्री नित्या को डस लिया। (शेष पृष्ठ सात पर)

## निजी अस्पताल में दरोगा की मौत,हंगामा

### परिजनों ने मौत की जानकारी घंटों छिपाने का लगाया आरोप





रूद्रपुर। नगर के एक निजी चिकित्सालय में गत रात्रि उत्तर प्रदेश में तैनात दारोगा की उपचार के दौरान हुई मौत हो गयी। मृत्यु के बाद परिजनों ने चिकित्सकों पर मौत की जानकारी को घंटों छिपाने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा काटा। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लोगों को समझा बुझाकर शांत कराया और शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। ग्राम फौजी मटकोटा निवासी उत्तर प्रदेश के जिला बिजनौर के रेहड़ चौकी प्रभारी 54 (शेष पृष्ठ सात पर)

## रूद्रपुर के गोलीकाण्ड का यूके से कनेक्शन!

### यूके से युवक ने सोशल मीडिया पर ली गोलीकाण्ड में जिम्मेदारी




रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत दिवस दिनदहाड़े गदरपुर के युकां नेता पर फायरिंग के मामले में नया मोड़ आ गया है। यूके इंग्लेण्ड में बैठे एक युवक ने इस गोली काण्ड से सम्बंधित एक पोस्ट सोशल मीडिया पर की है। फेस बुक पर सहज विर्क के नाम की प्रोफाईल पोस्ट पर लिखा है कि 'प्रशान्त तुझे मैने बहुत समझाया,तू माना नहीं, किस्मत हर बार तेरा साथ नही देगी,तुझे और बचे हुये पयादों से बहुत जल्दी मुलाकात होगी.......। सोशल मीडिया पर हुई इस पोस्ट के बाद उक्त गोलीकाण्ड में एक नया मोड़ आ गया है। विदित हो कि 27 वर्षीय युवक कांग्रेस नेता प्रशांत सिंह पुत्र अनिल सिंह निवासी गदरपुर अपने छोटे भाई और दो दोस्तों के साथ गुरुवार दोपहर रुद्रपुर के गांधी पार्क के पास एक स्टांप विक्रेता के यहां आए थे। वह काम निपटाकर अपनी कार की ओर जा रहे थे कि तभी दोपहर करीब दो बजकर 50 मिनट पर अचानक एक बाइक पर दो नकाबपोश बदमाश आए। बाइक पर पीछे बैठे बदमाश ने उतरकर प्रशांत पर दो फायर कर दिए। इस बीच प्रशांत ने भागने की कोशिश की, लेकिन दो गोली उनके पैर में लग गईं। इसके बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। फायरिंग की आवाज (शेष पृष्ठ सात पर)

## तीन दिवसीय व्हीलचेयर बास्केटबॉल प्रशिक्षण शिविर शुरू



रुद्रपुर (उद संवाददाता)। स्टोन रिज इंटरनेशनल स्कूल में व्हीलचेयर बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं डिसेबल स्पोर्टिंग सोसायटी उत्तराखंड के संयुक्त तत्वाधान में तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का वरिष्ठ समाजसेवी सौरभ अग्रवाल, प्रदेश अध्यक्ष भारत भूषण चुघ एवं प्रधानाचार्य संजीव स्टीफन ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर कर शुभारंभ किया ।समाजसेवी सौरभ अग्रवाल ने कहा कि दिव्यांगता अभिशाप नहीं है, यह एक हमारी मानसिक सोच है शहर के दिव्यांग खिलाड़ियों ने पहले भी अपनी प्रतिभाग का लोहा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मनवाया है आगे भी यह सिलसिला जारी रहेगा। आज खेलों में कैरियर की अपार संभावनाएं हैं। डिसेबल स्पोर्टिंग समिति के प्रदेश अध्यक्ष भारत भूषण चुघ ने कहा कि धामी सरकार लगातार खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का काम कर रही है। पूरे प्रदेश में ब्लॉक स्तर से लेकर राज्य स्तर तक खेल महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है जिससे हजारों खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला है।खेल महाकुंभ प्रदेश में बेहतर खेल वातावरण तैयार करने में वरदान साबित होंगे इस प्रकार के प्रशिक्षण शिविरों से खिलाड़ियों को अपने प्रदर्शन को और बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।(शेष पृष्ठ सात पर)

## टेम्पो चालक पर हमला,नगदी लूटी



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बाईक सवार अज्ञात बदमाशों ने गत रात्रि तीन पानी डाम रोड़ ट्रांजिट कैम्प में एक टेम्पो चालक को जबरन रोककर उससे मारपीट कर उसके पास से हजारों की नगदी लूट ली और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। मामले की जानकारी थाना पुलिस को दे दी गई है। सत्यपाल पुत्र गुलाब राय निवासी आजाद नगर वार्ड 7 ट्रांजिट कैम्प का कहना है कि वह टैम्पू चालक है। 27 जून को रात्रि वह सवरिया छोड़कर नई बस्ती फुलसुंगा स्थित शराब के ठेके के सामने वाली रोड़ से तीन पानी डाम की ओर आ रहा था कि दो मोटरसाईकिल पर सवार चार व्यक्ति उसके टैम्पू के कभी आगे चलाते तो कभी पीछे चलाते हुए टैम्पू के आगे मोटरसाईकिल खड़ी कर दी और गालियां देते हुए उससे रूपये की मांग करने लगे। सत्यपाल का कहना है कि जब उसने रुपए देने से इंकार किया तो उन्होंने उसे लात-घूंसो एवं लोहे के कड़े तथा ईंट से मारपीटा (शेष पृष्ठ सात पर)

## 'उपचुनाव' के लिए कांग्रेस का केंद्रीय नेतृत्व 'बिल्कुल उदासीन'

### भाजपा के स्थानीय सूरमाओं ने चुनावी रण में संभाला मोर्चा,कांग्रेस अभी तक केवल वर्चुअल मीटिंग के सहारे ही लड़ा रही किला

-अर्श-

देहरादून। ऐसे समय ,जबकि कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व को उत्तराखंड की दो विधानसभा सीटों पर हो रहे उपचुनाव को, लोकसभा चुनाव की करारी हार का बदला चुकाने का सुनहरी अवसर मानकर ,उपचुनाव में पूरा दमखम झोंक देना चाहिए था ,तब इसके ऐन उलट यूं जान पड़ रहा है जैसे कांग्रेस का केंद्रीय नेतृत्व लोकसभा चुनाव की तरह बद्रीनाथ एवं मंगलोर विधानसभा उपचुनाव के प्रति भी उदासीन है। वह इसलिए, क्योंकि कांग्रेस की उत्तराखंड प्रभारी कुमारी शैलजा राज्य के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में एक नया जोश भरने के लिए अभी तक समय नहीं निकाल पाई है ।दूसरी और भाजपा का केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व लगातार बैठक एवं सभा कर दोनों ही सीटों पर उपचुनाव जीतने की कारगर रणनीति तो बना ही रहा है ,साथ ही भाजपा के स्टार प्रचारक को की लिस्ट भी फाइनल हो चुकी है। खबर है कि नाम वापसी की अंतिम तिथि के बाद भाजपा की सभी स्टार प्रचारक मोर्चे पर तैनात हो जाएंगे और कार्यकर्ताओं के साथ दोनों ही विधानसभा सीटों की गलियों में घूम घूम




कर घर-घर दस्तक देने लगेंगे ।उधर कांग्रेस में ऐसी किसी मैदानी रणनीति पर काम होता फिलहाल तो नहीं दिख पड़ रहा है। बताना होगा कि उपचुनाव की घोषणा होने के बाद से कांग्रेस की राज्य प्रभारी का एक भी दौरा उत्तराखंड में नहीं हुआ है और वह रण में उतरने की बजाय वर्चुअल माध्यम से प्रचार की रणनीति पर काम करती जान पड़ती है। उपचुनाव में कांग्रेस कार्यकर्ताओं सक्रिय करने की दृष्टि से प्रदेश प्रभारी द्वारा अभी तक कार्यकर्ताओं के लिए केवल एक पत्र भर जारी किया गया है। यह पत्र कांग्रेस कार्यकर्ताओं में कितना जोश भर सका ? यह तो चुनाव के नतीजे के बाद ही पता चलेगा। हालांकि कांग्रेस के स्थानीय छत्रप दोनों ही विधानसभा सीटों पर माहौल बनाने की कोशिश कर रहे हैं ,लेकिन कांग्रेस आल्हा कमान की तरफ से संयुक्त प्रचार अभियान आरंभ ना किए जाने की वजह से उनकी कोशिश फिलहाल परवान चढ़ती नहीं दिख पड़ रही है। उल्लेखनीय है कि लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस हाई कमान ने उत्तराखंड में चुनाव प्रचार को गंभीरता से नहीं लिया था, जिससे प्रदेश की पांचों सीटों पर कांग्रेस चारों खाने चित हो गई ।प्रदेश प्रभारी के रूप में जिन शैलजा कुमारी पर उत्तराखंड में कांग्रेस को मजबूत करने की जिम्मेदारी है, लोकसभा चुनाव में वह सिर्फ दो बार ही उत्तराखंड आईं। ज्यादातर (शेष पृष्ठ सात पर)

# श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वृतांत सुन श्रद्धालु मंत्रमुग्ध

## बृजवासियों की रक्षा के लिए श्रीकृष्ण ने कनिष्ठा अंगुली पर उठाया था गोवर्धन पर्वत: नीरजा





रुद्रपुर (उद संवाददाता)। आदर्श कॉलोनी स्थित श्री अनंत प्रेम आश्रम में श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन कथा वाचक नीरजा शरणार्थी ने भक्तों को श्री कृष्ण की बाल लीला का वर्णन सुनाया। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण के पैदा होने के बाद कंस ने उनको मौत की घाट उतारने के लिए अपने राज्य की सबसे सर्वाधिक बलवान राक्षसी पूतना को भेजा था। पूतना भेष बदलकर भगवान श्री कृष्ण को अपने स्तन से जहरीला दूध पिलाने का प्रयास करती रही लेकिन भगवान श्री कृष्ण उसको मौत के घाट उतार देते हैं।उसके बाद कार्तिक माह में बृजवासी भगवान इंद्र को प्रसन्न करने के लिए पूजन का कार्यक्रम करने की तैयारी करते हैं। भगवान कृष्ण द्वारा उनको भगवान इंद्र की पूजन करने से मना करते हुए गोवर्धन महाराज की पूजा करने की बात कहते हैं। इंद्र भगवान उन बातों को सुनकर क्रोधित हो जाते हैं। अपने क्रोध से भारी वर्षा करते हैं जिसको देखकर समस्त बृजवासी परेशान हो जाते हैं। और श्री कृष्ण को समस्त बृजवासी अपनी अपनी परिवार रक्षा करने के लिए श्री कृष्ण के पास जाते हैं। भारी वर्षा को देख भगवान श्री कृष्णा गोवध 'न पर्वत को अपनी कनिष्ठा उंगली पर उठाकर पूरे नगर वासियों को पर्वत को नीचे बुला लेते हैं। जिससे हार मानकर भगवान इंद्र एक सप्ताह के बाद वर्षा को बंद कर देते हैं। इसके बाद ब्रज में भगवान श्री कृष्णा और गोवर्धन महाराज के जयकारे लगने लगते हैं। इस लीला को देखते हुए मौके पर भगवान को छप्पन भोग लगाया जाता है। इस अवसर पर कथावाचक नीरजा शरणार्थी ने भजन गाकर श्रोता और भक्तों को भाव-बिभोर कर दिया।इस दौरान संत प्रेम निष्ठानंद बाई जी, पंडित लव कुश शास्त्री श्री धाम वृंदावन, जैन प्रॉपर्टीज, कमल जैन, कमल बंसल, श्रीमति अंजू बंसल, अरिहंत बंसल, चारुल बंसल,अंशिका, उजाला, आदीश, महक, सालिकराम बंसल, राधेश्याम बंसल, मधु बंसल, दिनेश गोयल, सुमन बंसल, किरण बंसल, आरती, मान्या, डॉक्टर संजोली बंसल, सुषमा अग्रवाल, दीप्ति, प्रियंका, रेखा, अरुणा, प्रियंका, राधा, नवल, अनुज, सतीश, राजेश जैन, रेनू भारद्वाज, विष्णु बंसल, महेश बंसल, गोपेश बंसल, जसपाल अरोरा, खैराती लाल गगनेजा, सुभाष गगनेजा, चेतन, राजू हुडिया, शिवम, राजपाल, पुष्पा रानी, कीर्ति, प्रिया , मानसी, कुंदन लाल अग्रवाल, बजरंग लाल अग्रवाल, अखिलेश अग्रवाल, मनोज गोस्वामी, राधा रानी अग्रवाल आदि भक्त उपस्थित थे।

# चोरी की दुस्साहसिक वारदात में पुलिस के हाथ खाली

## केस नहीं हुआ दर्ज, 10 लाख के आभूषण और 30 हजार की नगदी हुई थी चोरी



काशीपुर(उद संवाददाता)। कटोराताल पुलिस चौकी क्षेत्र के अंतर्गत मोहल्ला पक्काकोट में मकान का ताला तोड़कर हुई लाखों की सनसनीखेज चोरी का पुलिस अब तक पर्दाफाश नहीं कर सकी और ना ही इस मामले में कोई मुकदमा पंजीकृत किया गया। पुलिस की लचर कार्यशैली को लेकर लोगों में आक्रोश है। गौरतलब है कि बीते 25 जून की रात मोहल्ला पक्काकोट निवासी सुनील कश्यप पुत्र स्वर्गीय हरि ओम कश्यप का परिवार अत्यधिक गर्मी के कारण अपने मकान का ताला बंदकर पड़ोस में रहने वाले भाई के मकान में सोया हुआ था इसी दौरान रात्रि 12:00 बजे के बाद घात लगाए अज्ञात चोरों ने मकान पर धावा बोलकर कुंडी चटका दी और कमरे में घुसकर सारा सामान अस्त-व्यस्त करते हुए अलमारी का लॉकर खोलकर उसमें रखी 30 हजार रूपए की नगदी के अलावा सोने की चार बेल चूड़ी, दो तोले का सोने का हार, एक सोने की कंठ माला, दो जोड़ी सोने के कुंडल, चार सोने की अंगूठी, एक सोने का टीका, एक सोने की नथनी, सोने का नाक फुल, चांदी की पाजेब एवं चांदी के अन्य आभूषणों समेत लगभग 10 लाख रुपयो के माल पर हाथ साफ कर दिया। चोरी की सनसनी खेज वारदात को घटित हुए 3 दिन बीत गए लेकिन चोरों का दूर-दूर तक कहीं कोई पता नहीं चल सका।

### हिरासत से छूटने पर परिवार को धमकाया

काशीपुर। सुनसान मकान का ताला तोड़कर हुई लाखों की सनसनी खेज चोरी का मामला देखा जाए तो बहुत पेचीदा नहीं है। पूरी घटना जिस तरह से सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है इस लिहाज से कानून के हाथ चोरों की गर्दन तक बड़ी ही आसानी से पहुंच सकते। शिकायतकर्ता ने पुलिस को दी तहरीर में कुछ संदिग्ध लोगों पर शक भी जताया है। इसमें से एक को पुलिस ने पूछताछ के लिए हिरासत में लिया था लेकिन पुलिस की पकड़ से वह जैसे ही छूटा पीड़ित परिवार से गाली गलौज करते हुए धमकाने उसके घर चढ़ गया। सूत्रों की माने तो चोरी के मामले में पूर्व में यह पकड़ा भी जा चुका है। फिलहाल चोरी की  यह सनसनीखेज घटना काशीपुर में पुलिस के लिए चुनौती बनी है।

# सरकारी कार्यालयों में ली गयी नशा मुक्ति की शपथ

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। शासकीय कार्यालयों में नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर नशा मुक्ति की शपथ ली गयी। इस दौरान सभी से नशे से दूर रहने, नशा करने वालों को नशे के दुष्परिणाम बताए गए साथ ही विशेषकर किशोरों और युवाओं को नशे की चपेट में आने से बचने पर चर्चा परिचर्चा भी हुई। इसके अतिरिक्त एनआर



एलएम योजनान्तगर्त स्वयं सहायता समूह की महिलाओं  द्वारा भी नशा मुक्त दिवस के उपलक्ष्य पर अपने क्षेत्र को नशा मुक्त रखने की शपथ ली गयी। एनआरएलएम योजनान्तर्गत महिलाएं जागरूक हो रही है। अपनी आजीविका सुधार के साथ-साथ महिलाएं सामाजिक गतिविधियों में भी सक्रिय रूप से भागीदारी कर रही है। जनपद के सभी विकास खण्डों में नशा मुक्ति दिवस के उपलक्ष्य पर शपथ ली गयी।

# चोरों ने सड़क खोदकर उड़ाये हजारों के पाईप

किच्छा(उद संवाददाता)। अज्ञात चोरों द्वारा शांति पुरी क्षेत्र से लगभग 16 पाइप खोदकर चोरी कर लिए जाने का प्रकरण सामने आया है शांतिपुरी में हेड फिर राजकुमार सिंह ने राजकुमार सिंह हेड फिटर ने किच्छा स्थित अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, को इसकी सूचना दी है ।जिसमे कहा गया है कि शान्तिपुरी नं. 02. पुल के ऊपर से पाईप गायब है। जब मौके पर पहुँचा तो पाया गया कि पूर्व में पड़ी पाईप लाईन 100 एम.एम. जी.आई. लगभग 5 पाईप व 200 एम.एम. एम.एस.ई.आर.डब्लू. के 5 पाईप कोई उखाड़ कर ले गया है। शान्तिपुरी नं. 03 से 200 एम. एम. एम.एस.ई.आर.डब्लू. के 02 पाईप एवं जी.आई. 125 एम.एम. के 02 पाईप काटे गये हैं, जिनको ग्राम प्रधान खमिया नं. 02 के द्वारा मुझे अवगत कराया गया कि विभागीय ठेका कर्मी ही लाईन काटकर ले गये हैं।

# मासूम बच्ची से दुष्कर्म और हत्या के मामले में भाजपा नेता सहित छह गिरफ्तार

हरिद्वार (उद संवाददाता)।13 साल की बच्ची से रेप के बाद हत्या करने के मामले में पुलिस ने 6आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने जानकारी देते हुए तबाया कि इस मामलें गिरफ्तार किए गए सभी आरोपी बालिग हैं। सभी आरोपियों की पहचान की जा चुकी है। इस मामले में गिरफ्तार किए गए आरोपियों में एक पूर्व भाजपा नेता का नाम भी शामिल है। बच्ची के साथ रेप के बाद हत्या मामले में पुलिस ने भाजपा नेता अमित सैनी और उसके सहयोगी आदित्य राज को भी गिरफ्तार किया है। इसके अलावा 20 वर्षीय नितिन और निखिला पंचाल, अमित सैनी की मां शशि देवी, तुषार उर्फ काला, मौसम को गिरफ्तार किया है। ये सभी आरोपी हरिद्वार के रहने वाले हैं।इस जघन्य मामले में भाजपा नेता अमित सैनी का नाम आने के बाद भाजपा ने ऐक्शन लेते हुए पार्टी से निकाल दिया है। अब भाजपा के पूर्व नेता समेत छह लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने दो व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। आरोपियों के खिलाफ अलग-अलग धाराओं में मामला दर्ज किया गया। इसमें 120-बी,302 363 , 366,376-ए के साथ ही कई गंभीर धाराएं लगी हैं। इस मामले में भाजपा नेता की संलिप्तता के सबूत पुलिस को नहीं मिले हैं। हालांकि, पुलिस ने अपराध को छिपाने और साजिश रचने के आरोप में उसके खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस मामले की जानकारी देते हुए हरिद्वार के पुलिस अधीक्षक प्रमोद डोभाल ने बताया कि इस मामले में अमित सैनी समेत छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उनका कहना है कि इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने के प्रयास जारी हैं। इस मामले पर जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि आदित्य राज सैनी पर भी अपराध छिपाने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है।

### विद्युत करंट की चपेट में आकर वृद्धा की मौत

काशीपुर(उद संवाददाता)। बांसफोड़ान पुलिस चौकी क्षेत्र स्थित मोहल्ला अल्ली खां में देर शाम इमली चौक पर नल पर पानी भरते हुए अनीता देवी 60 वर्ष पत्नी मदन लाल यादव नामक महिला करंट की चपेट में आकर मौत के मुंह में चली गई। मोहल्लेवासियों को जैसे ही इसका पता चला मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। पुलिस को मामले की जानकारी मिलने पर वह भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर उसे अंत्य परीक्षण के लिए पीएम हाउस भेज दिया।




# युद्ध स्तर पर चल रहा गर्जिया मंदिर के टीले का जीर्णोद्धार

## जुलाई के प्रथम सप्ताह में खुल सकते हैं दर्शन के लिए मंदिर के कपाट

रामनगर। प्रसिद्ध गर्जिया देवी मंदिर में 10 मई से लेकर 30 जून तक श्रद्धालुओं के प्रवेश पर पूरी तरह रोक लगाई गई थी,यह निर्णय स्थानीय प्रशासन एवं मंदिर समिति के पदाधिकारी ने लिया है क्योंकि प्रसिद्ध गर्जिया देवी मंदिरकोसी नदी के बीचों-बीच एक ऊंचे टीले पर स्थित है,साल 2010 में आई बाढ़ आपदा के चलते मंदिर के टीले में दरारें आ गई थीं, जिसके बाद से लगातार ये दरारें बढ़ रही थी,इससे जहां एक ओर माता के मंदिर को खतरा उत्पन्न हो गया था तो वहीं मंदिर में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भी एक बड़ा खतरा हो सकता था,जिसको देखते हुए सिंचाई विभाग द्वारा शासन को इसके टीले की मरम्मत का कार्य किये जाने को लेकर प्रस्ताव बनाकर लगातार भेजे जा रहे थे,जिस क्रम में मई 2024 में इसके प्रथम चरण के कार्य के लिए सिंचाई विभाग को लगभग 5 करोड़ रुपये से ज्यादा रकम जारी हुई थी,जिसके बाद बरसात को देखते हुए 10 मई से 30 जून तक इस मंदिर को दर्शनार्थियों के लिए बंद कर दिया गया था,यह निर्णय इसलिए लिया गया था कि कार्य के दौरान अगर मंदिर खुलता है तो किसी प्रकार से दर्शनार्थियों को दिक्कत न हो और कोई चोटिल भी न हो,तो सुरक्षा के मद्देनजर यह निर्णय लिया गया था,बता दें कि मंदिर के टीले पर आई दरार के बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी मंदिर परिसर का निरीक्षण करते हुए मंदिर के जीर्णोद्धार कार्य करने का निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिया था। मंदिर में आई दरारों की मरम्मत के लिए सरकार की ओर से साढ़े पांच करोड़ रुपए की पहली किस्त जारी की गयी थी। मंदिर के टीले का कार्य दो फेज में किया जा रहा है। पहले फेज की धनराशि 5 करोड़ 50 लाख है। मंदिर के पुजारी मनोज पांडे ने बताया कि मंदिर का कार्य संस्था द्वारा युद्ध स्तर पर किया जा रहा है,उन्होंने कहा कि मंदिर को 18 मई से 30 जून तक के लिए दर्शनार्थियों के दर्शन के लिए सुरक्षा के मध्य नजर बंद किया गया है,उन्होंने कहा की उम्मीद है 30 जून तक इस मंदिर का कार्य पूरा कर लिया जाएगाउन्होंने कहा कि जो मजदूर इस मंदिर का कार्य में जुटे हैं वह अपनी स्वेच्छा से आठ नहीं बल्कि 9 से 10 घंटा भी कार्य कर रहे हैं,मजदूरों का लक्ष्य भी यही है कि मंदिर का कार्य 30 जून तक पूरा कर लिया जाये। जिससे जुलाई से इस मंदिर में दर्शनार्थी दर्शन कर सके। बता दें कि आने वाला समय बरसात का है जिसे देखते हुए टीले का कार्य तेजी के साथ किया जा रहा है, उम्मीद है कि कुछ दिनों बाद दर्शनार्थी पुन: एक बार फिर से मां गर्जिया के दर्शन कर पाएंगे।











# पुनर्वास की मांग को लेकर व्यापारी मिले प्राधिकरण उपाध्यक्ष से

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जी 20 सम्मेलन के दौरान उजाड़े गये राम मनोहर लोहिया व समोसा मार्केट के व्यापारियों



ने आज जिला विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष अभिषेक रूहेला व सचिव पंकज उपाध्याय से कलैक्टेट स्थित उनके कार्यालय में मुलाकात कर उनसे पुर्नवास की मांग की। व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा व पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने इस दौरान दोनो अधिकारियों से उजाड़े गये व्यापारियों को शीघ्र पुर्नवासित किये जाने की मांग की गई। जिस पर दोनों अधिकारियों ने स्पष्ट रूप से बताया कि उजाड़े गये व्यापारियों को पुर्नवास कराना उनके कार्य क्षेत्र में नहीं आता है। इसके लिए वह जिलाधिकारी वार्ता कर सकते है। उनका कहना था कि विकास प्राधिकरण राष्ट्रीय राजमार्गो के चौड़ीकरण के साथ ही सड़क के दोनों ओर सर्विस लेन व नाला निर्माण की व्यवस्था देखता है। साथ ही मुख्य मार्ग के दोनों ओर जिन दुकानों को हटाया गया है वहां पर भविष्य में निश्चित रूप से मार्गो का चौड़ीकरण किया जायेगा। व्यापार मण्डल अध्यक्ष संजय जुनेजा ने बताया कि उक्त मांग को लेकर कल व्यापारी जिलाधिकारी से मुलाकात करेंगे। इस दौरान इन्द्रजीत सिंह, नवीन कुमार नन्द किशोर, हरीश कालड़ा, नवीन जोशी, गुरविन्दर सिंह,अजीत सिह, हर्ष रावल, राजीव जोशी, श्याम सुन्दर, दीपक कुमार, जसवीर सिंह, अमरजीत सिंह, देवेन्द्र बोरा, भगवान दास कालरा, इन्द्रसेन अरोरा, जगीर सिंह, हरीश कुमार, रामलाल बठला, महेन्द्र, रामकिशन ग्रोवर, मोनी जल्होत्रा, कमलजीत सिंह, सुनील कुमार, सतीश छावड़ा, चिरोंजीलाल, नरेन्द्र चावला सहित तमाम व्यापारी थे।

# आशियानों को उजड़ने से बचाने की लगाई गुहार

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। प्रशासन द्वारा कल्याणी नदी के किनारे बसे लोगों को घर खाली करने के दिये नोटिस के बाद खेड़ा मौहल्ले के दर्जनों लोगों ने विधायक शिव अरोरा के कार्यालय पहुंचकर नारेबाजी करते हुए धरना दिया। उनका कहना था कि यहां सैकड़ों परिवार पिछले कई दशकों से निवास कर रहें हैं। यदि प्रशासन द्वारा उन्हें उजाड़ दिया गया तो उनके समक्ष आवास के साथ ही रोजी रोटी



का संकट खड़ा हो जायेगा। घर के बच्चे व बुजुर्ग बरसात में कहा जायेंगे। उन्होंने कहा कि उन्हे यहां से न उजाड़ा जाये। विधायक शिव अरोरा के शहर से बाहर होने के कारण उनसे मुलाकात नहीं होने से सभी निराश होकर वापस लौट गये। इस दौरान पूजा देवी, रेखा, मंजू देवी, शांति देवी, सोनू कुमार, सुरेश कुमार, रीना, विश्वजीत मल्लिक, चरण सिंह, सीमा, मिथुन, सपना विश्वास, सीमा दास ,उत्तम विश्वास, दीनानाथ, हरेन्द्र शील, गौरा देवी, रामकली, रेनू आदि मौजूद थे।

# अपना घर सोसाइटी में चोरों का धावा, लाखों का माल साफ

काशीपुर(उद संवाददाता)। कुंडेश्वरी पुलिस चौकी क्षेत्र में अपना घर जैसी पॉश कॉलोनी को चोरों ने निशाने पर ले लिया। सोसाइटी में रहने वाले एक असिस्टेंट प्रोफेसर के घर चोरों ने धावा बोलकर कुंडी चटकाते हुए वेश कीमती आभूषण व नगदी समेत लगभग 10 लाख के माल पर हाथ साफ कर दिया। जानकारी के अनुसार कुंडेश्वरी रोड स्थित अपना घर सोसाइटी में बी-72 पार्क-7 में रहने वाले बृजेश सिंह पुत्र रामदयाल पिथौरागढ़ डिग्री कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं। बीती 9 जून को गर्मी की छुट्टियों में उनका परिवार काशीपुर से पिथौरागढ़ गया था। गुरूवार सायं करीब साढ़े पांच बजे परिवार के साथ वापस अपना घर सोसाइटी स्थित मकान पर पहुंचे तो देखा कि घर के ताले टूटे थे और सामान अस्त-व्यस्त था। बृजेश



सिंह के मुताबिक चोर उनके यहां से करीब 10-11 तोले सोने व इतनी ही चांदी के आभूषण और 8-10 हजार रुपए कैश आदि ले गए हैं। पुलिस को मामले की जानकारी मिलने पर कुंडेश्वरी चौकी प्रभारी राजेंद्र सिंह फोर्स लेकर मौके पर पहुंचे तथा घटनास्थल का बारीकी से मुआयना किया। चौकी इंचार्ज ने कहा कि घटना का जल्द पर्दाफाश किया जाएगा। बता दें काशीपुर। कुंडेश्वरी रोड पर अपना घर सोसाइटी एक गेटेड एवं पॉश कॉलोनी है। इस कॉलोनी के मुख्य द्वार पर 24 घंटे सुरक्षा कर्मियों की तैनाती है इसके बावजूद कॉलोनी के अंदर घुसकर अज्ञात चोरों द्वारा मकान का ताला तोड़ते हुए सनसनीखेज वारदात को अंजाम देना किसी आश्चर्य से कम नहीं है। यानी दूसरी जबान में कहा जाए तो क्षेत्र की पॉश कॉलोनियों में रहने वाले परिवार भी अब सुरक्षित नहीं रहे। चोरी की वारदात को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं व्याप्त है। कुछ लोगों का यह भी कहना है कि चोरी की वारदात में अंदरूनी किसी व्यक्ति का भी हाथ हो सकता है। फिलहाल पुलिस सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के आधार पर चोरों तक पहुंचाने की कवायद में लग चुकी है।

# आधा दर्जन घरेलू गैस सिलेंडर चोरी

काशीपुर(उद संवाददाता)। गुलजारपुर ढकिया नंबर 1 में अज्ञात चोरों ने दो मकान पर धावा बोलकर आधा दर्जन घरेलू गैस सिलेंडर चोरी कर लिए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर घटना के चार दिन बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर ग्राम गुलजारपुर ढकिया नंबर एक कुंडेश्वरी निवासी सतनाम सिंह पुत्र बलबीर सिंह ने बताया कि बीते 24 जून को उसके घर में घुसकर किचन तथा आंगन में रखें तीन घरेलू गैस सिलेंडर चोरी कर लिए। शिकायतकर्ता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि इस घटना को अंजाम देने के बाद पड़ोस में रहने वाले सुखवंत सिंह पुत्र गुरनाम सिंह के घर चोरों ने धावा बोलकर उनके घर से भी तीन घरेलू गैस सिलेंडर चोरी कर लिए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है।

# जिले में कानून व्यवस्था चौपट: महाजन

गदरपुर(उद संवाददाता)। पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन ने पुलिस पर सवालिया निशान लगाते हुए बताया कि जिस तरह से रुद्रपुर मुख्यालय पर दिनदहाड़े अज्ञात हमलावरो ने गदरपुर के रहने वाले प्रशांत सिंह पर गोली चलाई है यह अच्छे संकेत नहीं है । कानून व्यवस्था बिल्कुल चरमरा कर रह गई है उन्होंने पुलिस पर निशाना साधते हुए कहा कि घटना के लगभग पोना घंटा बाद मौके पर पुलिस पहुंची पूरे जिले की पुलिस को कंट्रोल जिला मुख्यालय रुद्रपुर से किया जाता है और जिला मुख्यालय में ही इस तरह दुस्साहस की घटनाएं अगर होगी तो छोटे शहरों का क्या हाल होगा उन्होंने पुलिस के आला अधिकारियों से तुरंत मामले के खुलासे की मांग की है।

# रूड़की में मासूम से दुष्कर्म की घटना से भाजपा हुई बेनकाब: सुमित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कांग्रेस विधायक सुमित हृदयेश ने रुड़की में मासूम बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म के कृत्य पर कहा कि जिस प्रकार हल्द्वानी बनभूलपुरा क्षेत्र से दो बच्चियों के लापता होने पर भाजपा के लोगो ने धरना प्रदर्शन किया। उसी प्रकार इस मामले में भी उन्हें प्रदर्शन करना चाहिए। परंतु वे शांत बैठे हैं। क्यों कि दुष्कर्म करने वाला उनकी पार्टी का ही एक कार्यकर्ता है। इससे भाजपा का असली चाल, चरित्र और चेहरा साफ दिखता है की भाजपा का काम केवल धार्मिक उन्मात फैलाने हैं। पत्रकारों से वार्ता करते विधायक सुमित हृदयेश ने जिला प्रशासन और राज्य सरकार के ऊपर कई सारे आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि पर्यटन सीजन के दौरान यात्रियों को काफी जाम का सामना करना पड़ा। जिसका असर नैनीताल, भीमताल, भवाली समेत उसके



आसपास के क्षेत्र के लोगों को भी झेलना पड़ा, लेकिन प्रशासन के पास जाम से निजाद दिलाने के लिए कोई ठोस रणनीति नहीं है। गर्मी में लगातार बिजली कटौती हुई जिससे पेयजल की समस्या भी हुई, लेकिन कोई भी प्रभावी कदम नहीं उठाएं। आने वाला सीजन मानसून का है। जिसमें रकसिया नाले के शुरुआती हेड में कोई भी काम नहीं किया गया है। सिर्फ कालाढूंगी विधानसभा क्षेत्र में रकसिया नाले के आउट फाल को बनाया जा रहा है। पूरी तरह से पक्षपात पूर्ण रवैया अपनाया जा रहा है। क्योंकि कालाढूंगी में भाजपा के विधायक है और हल्द्वानी में कांग्रेस का विधायक है। जिसके चलते यहां काम नहीं हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि उनके 10 करोड़ के पीडब्ल्यूडी की प्रस्ताव थे। इस पर सरकार ने कोई ध्यान नहीं दिया। विधायक सुमित हृदयेश ने कहा उत्तराखंड में दो विधानसभा सीट पर उपचुनाव हो रहे हैं। मंगलौर और बद्रीनाथ विधानसभा उप चुनाव जीतेगी और कांग्रेस के 20 विधायक सदन में पुरजोर तरीके से सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज उठाएंगे। इसके साथ साथ पेपर लीक मामले में भी विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि भाजपा होनहार बच्चो के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है।इनको बच्चो के भविष्य से कोई लेना देना नहीं है। इसके साथ साथ विधायक सुमित हृदयेश व समस्त कांग्रेसजनों ने राहुल गांधी के नेता प्रतिपक्ष बनने पर मिष्ठान वितरण कर कहा कि अब राहुल गांधी युवाओं के रोजगार का मुद्दा हो, संविधान की बात हो, महंगाई की बात हो या फिर भ्रष्टाचार की बात हो। सारी बातों को सदन में पुर जोरदार तरीके से उठाएंगे।

# थानाध्यक्ष का युवती से अश्लील बातचीत का ऑडियो वायरल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पंतनगर के थानाध्यक्ष का एक पीड़ित युवती के साथ अश्लील वार्तालाप का ऑडियो वायरल हुआ है। ऑडियो में थानाध्यक्ष युवती से अनैतिक डिमांड कर रहे हैं और उसे कार में घुमाने की बात कर रहे हैं। यह मामला खासा चर्चा का विषय बना हुआ है। मामला डीजीपी कार्यालय तक पहुंच चुका है। जिस पर डीजीपी ने जांच के आदेश दिये हैं। डीजीपी के निर्देश के बाद महिला आईपीएस अधिकारी को जांच सौंपी गयी है। बता दें बीते दिनों पंतनगर थाना क्षेत्र में दो पक्षों के बीच विवाद हो गया था। जिसमें पुलिस ने एक पक्ष का मुकदमा दर्ज कर पिता पुत्री को जेल भेज दिया। जेल गयी युवती की बहन इस मामले में पैरवी में लगी थी ओर दूसरे पक्ष के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए पंतनगर थाना समेत अन्य आला अधिकारियों के चक्कर काट रही थी। बताया जाता है कि इसी बीच युवती पंतनगर थानाध्यक्ष से भी मिली। थानाध्यक्ष उसकी शिकायत को अनसुना कर रहे थे। युवती फोन पर भी कार्रवाई के लिए थानाध्यक्ष से संपर्क कर रही थी। इसी बीच बातचीत युवती से हुई थानाध्यक्ष की बातचीत का एक ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें थानाध्यक्ष युवती से कार्रवाई के नाम पर अनैतिक डिमांड कर रहे हैं। थानाध्यक्ष युवती से अकेले में मिलने और उसे गाड़ में घुमाने के साथ ही अनेतिक डिमांड कर रहे हैं, जिसके लिए युवती इनकार करती है। यह मामला डीजीपी तक पहुंच चुका है। डीजीपी के निर्देश के बाद महिला आईपीएस अधिकारी को मामले की जांच सौंपी गयी है। उधर एसएसपी मंजुनाथ टिसी ने मामले में कहा है कि ऑडियो एक साल पुराना है। आरोप लगाने वाली युवती धारा 306 में नामजद है। मामले में युवती के परिजनों को जेल भेजा गया था, युवती ने दूसरे पक्ष के खिलाफ केस दर्ज करने की तहरीर दी थी। थानाध्यक्ष और आईओ ने निष्पक्ष जांच की थी और केस दर्ज नहीं किया था। जिसके बाद एक साल पुराना ऑडियो वायरल किया गया है। जिसकी जांच चल रही है। दो दिन के भीतर रिपोर्ट मिल जायेगी। रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जायेगी।

## पीड़िता पर दबाव बनाया तो होगा आंदोलन:बेहड़



रुद्रपुर। थानाध्यक्ष द्वारा युवती से अनैतिक डिमांड का ऑडियो वायरल होने के मामले में किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़ ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाये है। बेहड़ ने पत्रकार वार्ता में कहा कि उन्होंने इस मामले की शिकात डीजीपी से की है। डीजीपी के आदेश के बाद आईपीएस अधिकारी पी रेणुका देवी का जांच सौंपी गयी है। बेहड़ ने कहा कि जिले के थानों में एसएसपी का कंट्रोल नहीं रह गया है। पुलिस हेडक्वार्टर में जिले की पुलिस की छवि खरबा है। बेहड़ ने बताया कि थानाध्यक्ष ने पीड़ित पक्ष पर मामला रफा दफा करने का दबाव बनाया। पीड़िता की मदद करने के बजाय वह युवती से अश्लील बातें कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस मामले में पीड़िता पर दबाव बनाकर प्रकरण को दबाने या फिर थानाध्यक्ष को बचाने की कोशिश की गयी तो कांग्रेस प्रदेश व्यापरी आंदोलन करेगी।

# काशीपुर पहुंचने पर राज्यपाल का किया स्वागत

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। महामहिम राज्यपाल उत्तराखण्ड ले. जन. (रिट.) गुरमीत सिंह जनपद भ्रमण पर गुरूवार को काशीपुर पहुंचे। राज्यपाल गुरूवार प्रातः 10:30 बजे राजभवन नैनीताल से कार द्वारा प्रस्थान कर 12:50 बजे मंडी गेस्ट हाउस काशीपुर पहुंचें। काशीपुर मण्डी गेस्ट हाऊस पहुंचने पर अपर जिलाधिकारी पंकज



उपाध्याय, उपजिलाधिकारी अभय प्रताप सिंह,गौरव चटवाल,एएसपी अभय कुमार सिंह ने पुष्पगुच्छ देकर राज्यपाल का स्वागत किया। मंडी गेस्ट हाऊस पहुंचने पर राज्यपाल को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। राज्यपाल ने अल्प विश्राम के उपरांत 1:55 बजे कार द्वारा डाम कोठी स्टेट गेस्ट हाउस हरिद्वार को प्रस्थान किया।इस दौरान विधायक काशीपुर त्रिलोक सिंह चीमा, पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा,सीओ बडोला , एस एस राणा, ए आर आर्य,तहसीलदार सुभांगनी, पंकज चंदोला आदि मौजूद रहे।

# नकाबपोशों ने दिनदहाड़े युकां नेता को मारी गोली

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गदरपुर निवासी यूथ कांग्रेस के विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष एवं अधिवक्ता पर गुरुवार दोपहर बाद बाइक सवार दो नकाबपोश बदमाशों ने फायरिंग कर दी। एक गोली जांघ और दूसरी गोली में पैर में लगी है। वारदात को अंजाम देकर बदमाश फरार हो गए। वहीं युवक को गोली लगते ही कुछ दूर खड़े उसके भाई और दोस्त तत्काल उसे जिला अस्पताल ले गए, जहां उसका इलाज चल रहा है। पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई है। एसपी सिटी मनोज कत्याल ने मौका मुआयना किया। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में जुट गई है।जानकारी के मुताबिक, 27 वर्षीय प्रशांत सिंह पुत्र अनिल सिंह निवासी गदरपुर अपने छोटे भाई और दो दोस्तों के साथ गुरुवार दोपहर रुद्रपुर के गांधी पार्क के पास एक स्टांप विक्रेता के यहां आए थे। वह काम निपटाकर अपनी कार की ओर जा रहे थे कि तभी दोपहर करीब दो बजकर 50 मिनट पर अचानक एक बाइक पर दो नकाबपोश बदमाश आए। बाइक पर पीछे बैठे बदमाश ने उतरकर प्रशांत पर दो फायर कर दिए। इस बीच प्रशांत ने भागने की कोशिश की, लेकिन दो गोली उनके पैर में लग गईं। इसके बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। फायरिंग की आवाज सुनकर और प्रशांत को घायल देखकर उनके भाई और दोस्त मौके पर पहुंचे और उन्हें एक निजी अस्पताल ले गए, जहां से उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया। चिकित्सकों ने बताया कि प्रशांत के पैर और जांघ में गोली लगी है। वहीं पुलिस ने जिला अस्पताल पहुंचकर मामले की जानकारी ली। एसपी सिटी मनोज कत्याल ने मौका मुआयना कर फरार आरोपियों की तलाश के अधीनस्थों को निर्देश दिए।

# हल्द्वानी वासियों को शीघ्र पाइप लाइन से मिलेगी रसोई गैस

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण की 22 वीं बोर्ड बैठक अध्यक्ष आयुक्त दीपक रावत की अध्यक्षता में सर्किट हाउस काठगोदाम में सम्पन्न हुई। बैठक में हिन्दुस्तान कॉर्पोरेशन लिमिटेड के द्वारा सब जेल हल्द्वानी में डीसीयू स्थापना की स्वीकृति प्रदान की गई। स्वीकृति के पश्चात हल्द्वानी शहर वासियों को जल्द ही गैस पाईप लाईन के द्वारा गैस उपलब्ध हो सकेगी। उन्होने कहा हाउसिंग कालोनियों, मॉल एवं 400 वर्ग मीटर के अधिक के कामर्शिलय भवनों में जल संग्रहण (रेन वाटर हार्वेस्टिंग) नये भवनों के साथ ही पुराने भवनों के लिए अनिवार्य होगा। इसके लिए आयुक्त श्री रावत ने जिला विकास प्राधिकरण के सचिव को स्टेटस रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कामर्शिलय भवनों एवं मॉलों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग नही पाये जाने पर अनिवार्य रूप से जल संग्रहण व्यवस्था लागू की जाए। बैठक में हल्द्वानी शहर के



लिए ओपन जिम हेतु प्रस्ताव की स्वीकृति दी गई। इसके लिए जिला विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को सर्वे कर स्थान चिन्हित करने के निर्देश दिये गये। आयुक्त ने कहा कि वर्षाकाल प्रारम्भ हो गया है मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में पार्को पर ग्रीन प्लान्टेशन कियाटी जायेगा। आयुक्त ने कहा कि भीमताल आबादी क्षेत्र में 60 मीटर की परिधि में भवन स्वीकृति हेतु 37 भवनो को स्वीकृति प्रदान की गई थी, लोगों द्वारा 60 मीटर परिधि की स्वीकृति ली लेकिन भवन इससे अधिक मीटर मे बनाया है जो कि नियम विरूद्व है। आयुक्त सभी भवनों का सर्वे करने के निर्देश बैठक में दिये। आयुक्त श्री रावत ने बैठक में कहा कि जनपद के सभी पार्किंग स्थलों पर सीसीटीवी कैमरा अनिवार्य रूप से लगे हो इसकी भी मानिटरिंग की जाए। बैठक में रामनगर शहर मुख्यमंत्री घोषणा के तहत बनने वाले पार्किंग मे अधिक से संख्या वाहनों को पार्किंग हेतु डीपीआर शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिये गये ताकि पार्किंग समय से पूर्ण हो सके। बोर्ड बैठक में अधिकांश समस्याओं का बोर्ड द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई तथा कुछ प्रस्ताव शासन स्तर को प्रेषित किये गये। बोर्ड बैठक में उपाध्यक्ष जिलाधिकारी वंदना ने कहा कि हल्द्वानी-काठगोदाम क्षेत्र में पडने वाले पार्को को ग्रीन बेल्ट के तहत डपलमेंट किया जायेगा। इसमें पार्कों पर छोटे-छोट पोधों के साथ ही बेलनुमा पौधे भी लगाये जायेंगे। बैठक में नगर आयुक्त विशाल मिश्रा, उपाध्यक्ष जिला विकास प्राधिकारी उधमसिंह नगर अभिषेक रूहेला, सचिव विजयनाथ शुक्ल, मुख्य कोषाधिकारी डीके राणा, सिटी मजिस्टेट एपी बाजपेयी, अधिशासी अभियंता पेयजल एके कटारिया, जेई विकास प्राधिकरण आरएल भारती के साथ ही जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण के अधिकारी उपस्थित थे।

# पुलिस खेल प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पुलिस लाईन में आयोजित 23वीं अंतरजनपदीय पुलिस व कुश्ती, बॉडी बिल्डिंग और आर्म प्रतियोगिता के दूसरे दिन सभी खिलाड़ियों ने हर खेल में पूरा दमखम दिखाया। 31वीं वाहिनी व 40वीं वाहिनी के खिलाड़ियों ने दबदबा बनाए रखा। पुरुष बॉडी बिल्डिंग के 51 से 55 किलो भार वर्ग में नितिन सेमवाल, 71 से 75 किलो भार वर्ग में चित्रमोहन राणा, 75-80 वर्ग में गोविंद आर्य, 86 से 92 में जगत सिंह, 92 किलोभार में धन सिंह ने स्वर्ण पदक जीता। वहीं आर्म रेसलिंग पुरुष में 55 किलोभार में 31वीं वाहिनी के कैलाश लाल, 60 किलोभार वर्ग में अंकित, 65 किलोभार में दीपक सिंह दानू, 70 किलोभार में संजय सुयाल, 75 किलोभार में उमेद सिंह, 80 किलोभार में



दिनेश जोशी, 85 किलो भार में महेंद्र सिंह रावत, 90 किलो भार में संजय महर, 100 किलो भार में मुकेश रावत, 110 किलो भार में सुनीत, 110 प्लस किलोभार में प्रीतम सिंह प्रथम रहे। जबकि बॉडी बिल्डिंग में 55 किलोभार वर्ग में हेमंत सिंह, कुमार, 75 किलो भार में उमेद, 80 किलो भार में विजय तड़ागी, 85 किलो भार में तेजेंद्र सिंह, 90 किलो भार में राकेश कुमार, 100 किलो वर्ग में नितिन कुमार प्रथम रहे। पुरुष बाक्सिंग में 48-51 किलोभार वर्ग में भूपेंद्र सिंह, 51-54 वर्ग में आशीष कुमार, 54-57 किलो भार में बालम कुमार, 57-60 किलो भार में चंद्रशेखर आर्या, 60-63 किलो भार में गौरव तिवारी, 63-67 किलो भार में गोकुल भोर्याल ने स्वर्ण पदक जीता। वहीं महिला बाक्सिंग के 45-48 किलोभार वर्ग में आशा भट्ट, 50-52 किलो भार वर्ग में सीता, 52-54 किलो भार में आरती, 70- 75 किलो भार में मिनाक्षी सिंधवाल, 81 प्लस किलोभार में संगीता चंद ने स्वर्ण पदक जीता। महिला आर्म रेसलिंग के 55 किलोभार वर्ग में कविता पाटनी, 55 किलो भार में पूजा भट्ट, 60 किलो भार में दीपा मेहता, 65 किलो भार में रेनू शर्मा, 70 किलो भार में विजेता राणा, 75 किलो भार में प्रतिमा बिष्ट, 80 किलो भार में मंदीप कौर, 80 प्लस भार वर्ग में नेहा बिष्ट प्रथम रहीं। सभी विजेता खिलाड़ियों को पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान कई पुलिस अधिकारी मौजूद थे।



# आरएएन स्कूल में शिक्षकों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।आर.ए. एन. पब्लिक स्कूल में शिक्षक ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय संस्थापक एच.के. राय, निर्देशक मोहित राय, संचालिका श्रीमती निधि राय, प्रधानाचार्या भूरारानी शाखा श्रीमती भावना भनोट एवं प्रधानाचार्या डिब-डिबा शाखा श्रीमती ममता बिष्ट द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय की सभी शाखाओं के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने भाग लियाद्य कार्यक्रम का उद्देश्य था शिक्षक शिक्षिकाओं को शिक्षा की नई-नई तकनीक के विषय में







जानकारी देना, साथ ही उन्हें यह बताना कि किस प्रकार शिक्षक इन तकनीकों का प्रयोग करके शिक्षा को और अधिक रोचक व प्रभावपूर्ण बना सकते हैं। शिक्षकों ने अपने मधुर गायन से कार्यक्रम को मनोरंजन बनाया, साथ ही विद्यालय की प्रधानाचार्या भावना भनोट ने विद्यालय की उपलब्धियां और बोर्ड परीक्षा परिणाम के द्वारा शिक्षकों को प्रेरित किया। डिब-डिबा शाखा की प्रधानाचार्या श्रीमती ममता बिष्ट जी ने बताया कि किस तरीके से स्थिति को समझ कर और उसके कर्म तक पहुंच कर समस्या का समाधान निकाल कर विद्यार्थियों को आगे बढ़ना चाहिए। विद्यालय निदेशक ने शिक्षकों को कर्मठ और जुझारू बनने की सीख दी। संचालिका श्रीमती निधि राय जी ने बताया कि कैसे एक शिक्षक बच्चों के भविष्य का निर्माता होता है साथ ही यह भी बताया कि उसे अपने कर्तव्य का निर्वाह पूरी निष्ठा के साथ करना चाहिए। विद्यालय संस्थापक एच.के. राय ने अपने आशीष वचनों के साथ आगामी सत्र में उत्तम बोर्ड परीक्षा परिणाम के लिए मार्गदर्शन करते हुए प्रोत्साहित भी किया।

# समयबद्धता से करें शिकायतों का निस्तारण:सीएम

## वर्चुअल मीटिंग में सीएम ने अधिकारियों को दिये दिशा निर्देश





रूद्रपुर(उद संवाददाता)। सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली स्थित उत्तराखण्ड सदन से वर्चुअल माध्यम से सी.एम. हेल्पलाईन की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिये कि सी.एम हेल्पलाईन पर आयी सभी शिकायतों का समयबद्धता से निस्तारण किया जाए। आगामी 15 दिनों में लंबित शिकायतों का सकारात्मक निवारण किया जाए। उन्होंने सख्त निर्देश दिये हैं कि जिन अधिकारियों ने पिछले एक माह में सी.एम हेल्पलाईन पोर्टल में लॉगइन नहीं किया है, उन अधिकारियों का स्पष्टीकरण लें। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले समय में विभागों की कार्य के प्रति इस प्रकार की शिथिलता पाये जाने पर संबंधित विभागीय सचिव एवं विभागाध्यक्ष की भी जिम्मेदारी तय की जायेगी। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि ब्लॉक लेबल अधिकारी से विभागीय सचिव तक सभी अधिकारी जन शिकायतों के समाधान के लिए शिकायतकर्ताओं से स्वयं नियमित संवाद करें। उन्होंने कहा कि संवाद से समरसता के भाव से कार्य करें। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि अपने जनपदों में प्रत्येक ब्लॉक में आयोजित होने वाली बीडीसी की बैठकों के लिए रोस्टर बनाया जाए। इन बैठकों में विकास से संबंधित विभागीय अधिकारियों और रेखीय विभागों के अधिकारियों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करवाई जाय। बीडीसी की बैठकों में जनपद स्तरीय अधिकारियों की ड्यूटी का भी रोस्टर बनाकर उन्हें बैठकों में भेजा जाए। जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी भी प्रयास करें कि वे भी बीडीसी बैठक में रहें। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि तहसील दिवस का नियमित आयोजन किया जाए। जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी और जनपदों के अन्य वरिष्ठ अधिकारी तहसील दिवस में नियमित प्रतिभाग कर जन संमस्याओं का समाधान करें। तहसील दिवस पर शिकायतों के निस्तारण सबंधी जानकारी मुख्यमंत्री जन-समर्पण तहसील दिवस पोर्टल पर भी नियमित अपलोड किया जाए। शिकायतों में जो शिकायतें मांग से संबंधित हैं, उनका अलग से उल्लेख किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिकायतों को क्लोज करना उद्देश्य न हो, बल्कि शिकायतों का समाधान किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी विभागीय सचिव और विभागाध्यक्ष प्रत्येक माह के द्वितीय सप्ताह में सीएम हेल्पलाईन-1905 की विभागीय समीक्षा करें और शिकायतों का त्वरित निस्तारण करें। सभी विभागों द्वारा समीक्षा बैठकों का कार्यवृत्त नियमित पोर्टल पर अपलोड किया जाए। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने सी.एम. हेल्पलाईन पर प्राप्त हुई शिकायतों के शिकायतकर्ताओं से फोन से भी वार्ता की। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर सी.एम. हेल्पलाईन के व्हाट्सएप चौटबोट का भी शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सी.एम हेल्पलाईन के विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से लोगों को इसके प्रति जागरूक किया जाए।बैठक में जिला अधिकारी उदयराज सिंह, मुख्य विकस अधिकारी मनीष कुमार, प्रभागीय वन अधिकारी यू0सी0 तिवारी , अपर जिलाधिकारी अशोक जोशी, अधीक्षण अभियन्ता विघुत एस0सी0 त्रिपाटी, ओ0सी0 क्लेक्ट्रेट डा0 अमृता शर्मा, साहित सभी अधिकारी मौजूद थे।

# चारा काटते मशीन में करंट लगने से महिला की मौत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। निकटवर्ती ग्राम हिम्मतपुर चौमवाल मोटाहल्दू में घर में पालतू मवेशियों के लिए चारा काट रही एक महिला की अचानक चारा मशीन से करंट लग जाने से मौत हो गई। अचानक हुई इस घटना से परिजनों में हड़कंप मच गया। आनन फानन में महिला को उपचार के लिए सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार लालकुआं कोतवाली क्षेत्र के हिम्मतपुर चौम्वाल मोटाहल्दू निवासी 44 वर्षीय कौशल्या देवी पत्नी खीम गिरी गोस्वामी गत शाम घर पर लगी चारा काटने वाली मशीन से चारा काट रही थी। इसी दौरान मशीन में करंट दौड़ गया. कौशल्या नंगे पैर थीं जिससे वह करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गई। आननफानन उन्हें सुशीला तिवारी अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। महिला की तीन बेटियां और एक बेटा है। महिला के पति खीम गिरी गोरापड़ाव स्थित एक फ्लोर मिल में नौकरी करते हैं। कौशल्या की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। बताया जाता है कि कौशल्या देवी पशुपालन कर परिवार की आजीविका चला रही थी।

# साइकिल सवार को बेकाबू डंपर ने कुचला,हंगामा

काशीपुर(उद संवाददाता)। आईटीआई थाना क्षेत्र में गुरुवार शाम



आईजीएल मोड़ पर अधेड़ उम्र साइकिल सवार को बेकाबू डंपर के चालक ने तेजी व लापरवाही से कुचलकर मौत के घाट उतार दिया। घटना के घटते ही मौके पर स्थानीय लोगों एवं राहगीरों की भारी भीड़ जमा हो गई। भीड़ ने मौके से भाग रहे डंपर चालक को पकड़ कर जमकर पिटाई की। पुलिस के पहुंचने पर आरोपी डंपर चालक को पुलिस के हवाले कर दिया गया। उधर दूसरी ओर मृतक के परिजनों ने मौके पर जमकर हंगामा किया। भीड़ के तेवर तल्ख देख पुलिस के पसीने छूट गए। मामला बिगड़ता देख पुलिस के अधिकारियों ने भारी फोर्स मौके पर बुला ली। तमाम प्रयासों के बाद भीड़ का गुस्सा शांत हो सका। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है. मृतक का नाम सुरेश कुमार पुत्र बालकिशन है, जो कि जैतपुर घोसी का निवासी है।

## हवाई दावों की बानगी है सुरेश की मौत

काशीपुर। पुलिस प्रशासन के हवाई दावों की एक और बानगी है सुरेश की मौत जिसे अनियंत्रित डंपर ने मौत की नींद सुला दिया।जानकारी के अनुसार देर शाम से लेकर सुबह सवेरे तक सड़कों पर अवैध खनन से ओवर लोड डंपर, घोड़ा डंपर, ईंटों से भरे ट्रक एवं ट्रैक्टर ट्रालियां मौत के मानिंद फर्राटा भरते हैं लेकिन किसी ने भी आज तक जानने की जहमत नहीं उठाई कि रात के अंधेरे में इस गैर कानूनी काम को आखिर किसकी शह पर अंजाम दिया जा रहा है। मित्रता सेवा सुरक्षा के नाम पर वर्दी जरूर मालामाल हो रही है।

# दंपत्ति ने ज्वैलर्स को लगाया 2.35लाख का चूना



हल्द्वानी। जालसाज पति- पत्नी ने एक जाने-माने शोरूम स्वामी को 2 लाख 35 हजार का चूना लगा दिया है। ज्वेलर्स ने पुलिस में तहरीर देते हुए आरोपी पति-पत्नी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। घटना के बाद से ज्वेलर्स कारोबारियों में आक्रोश है। ज्वेलर्स कोरबारियों ने पुलिस को ज्ञापन देते हुए कार्रवाई की मांग की है। शहर के जाने-माने ज्वेलर्स कारोबारी संजीव जैन ने बताया कि बुधवार देर शाम उनकी दुकान पर एक दंपति आए। जहां डायमंड और ज्वेलरी लेने की बात कही। उक्त व्यक्ति ने कहा कि आज हमारी शादी की सालगिरह है इसके बाद दंपती ने 235000 का डायमंड और कॉइन खरीदा। इस दौरान दुकान के स्टाफ द्वारा केक मंगाकर दंपति का शादी की सालगिरह भी स्टाफ द्वारा बनाई गई। इसके बाद दंपति ने भुगतान ऑनलाइन किया। इस दौरान उनके खाते में पैसे तो नहीं आए लेकिन मोबाइल पर पैसे आने के सक्सेसफुल मैसेज आ गया। काफी देर तक जब अकाउंट में पैसा नहीं आया तो दंपति ने कहा कि आप लोग चिंता ना करें नेटवर्क प्रॉब्लम के चलते मैसेज नहीं आए होंगे। लेकिन काफी देरतक जब पैसा नहीं आया तो उक्त दंपति से फोन पर संपर्क किया गया तो केवल व्हाट्सएप कॉल पर संपर्क हो पाया। उक्त व्यक्ति ने अपना नाम शान भाई बताते हुए कहा कि आप चिंता ना करें आपको पैसा मिल जाएगा। लेकिन अब व्हाट्सएप्प कॉल करने पर पैसे देने के बजाय धमकी दे रहा है।जब ज्वेलर्स संजीव जैन को धोखाधड़ी का एहसास हुआ तो उसने पूरे मामले की शिकायत पुलिस को दी। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की जांच की जा रही है आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है।

# दो लाख की चरस सहित एक दबोचा

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। एसओजी और सोमेश्वर पुलिस की संयुक्त टीम ने 2.18 किलोग्राम चरस के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर लियां एसएसपी देवेन्द्र पींचा के निर्देश पर जनपद में नशा तस्करों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत थानाध्यक्ष सोमेश्वर कश्मीर सिंह ओर एसओजी प्रभारी कुन्दन सिंह रौतेला के नेतृत्व में संयुक्त चौकिंग के दौरान टीम ने चौकी ताकुला गेट पर प्रेम सिंह दानू पुत्र स्व0 बहादुर सिंह दानू निवासी ग्राम सौराग थाना कपकोट जिला बागेश्वर के कब्जे से एक पिठ्ठू



बैंग में 2.180 किलोग्राम चरस बरामद कर उसे गिरफ्तार कर लियां बरामद चरस की कीमत 2 लाख 18 हजार रूपये आंकी गयी है। टीम में एसओजी के उपनिरीक्षक राजेन्द्र कुमार,कांस्टेबल दीवान बोरा,मौ यामिन ,विरेन्द्र बिष्ट आदि भी शामिल थे।



# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## गेहूं की जमाखोरी

एक खबर आई थी कि सरकारी गोदामों में गेहूं का भंडारण कम हो गया है। संभव है कि गेहूं का आयात करना पड़े! दूसरी तरफ, केंद्रीय कृषि मंत्रालय के डाटा पर यकीन करें, तो उसका कहना है कि किसानों ने 112.93 मिलियन टन गेहूं का उत्पादन किया है। फसल की यह सबसे अधिक पैदावार है। बीते साल भी गेहूं 110.55 एमटी पैदा किया गया था। यानी उस उत्पादन को भी पार करके इस बार रिकॉर्ड गेहूं की फसल हुई है। यह अजीब विरोधाभास है। यदि गेहूं का उत्पादन सबसे अधिक हुआ है, तो सरकारी गोदामों में भंडारण कम क्यों है? क्या सरकार ने कम गेहूं खरीदा है? भारत सरकार ने गेहूं के भंडारण की अधिकतम सीमा क्यों तय की है? क्या इससे जमाखोरी पर नियंत्रण लगाया जा सकेगा? अथवा कीमतों में स्थिरता आएगी? या खाद्य सुरक्षा के सकल प्रबंधन के मद्देनजर ऐसा किया गया है? भंडारण सीमा का यह निर्णय अकथनीय और दुरुह लगता है। सरकार ने फैसला किया है कि थोक के व्यापारी और खुदरा की बड़ी शृंखला वाले 3000 टन से अधिक का भंडारण नहीं कर सकेंगे। एकल खुदरा विक्रेता के लिए यह सीमा 10 टन तय की गई है। प्रोसेसर पिसाई की अपनी क्षमता का 70 फीसदी गेहूं या अनाज जमा रख सकते हैं। इन सभी व्यापारियों और कंपनियों को गेहूं भंडारण की अपडेट जानकारी खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के पोर्टल पर नियमित रूप से देनी होगी। सवाल यह है कि नियंत्रण सिर्फ गेहूं के लिए है अथवा सभी अनाजों पर यह लागू होगा? भंडारण की यह अधिकतम सीमा 24 जून, 2024 से 31 मार्च, 2025 तक जारी रहेगी।गेहूं और अनाज की भंडारण सीमा, अंततः, क्यों तय करनी पड़ी? इसके बुनियादी कारण हैं कि खुदरा अनाज की मुद्रास्फीति मई में, साल-दर-साल, 8.69 फीसदी रही है। दूसरे, सरकारी गोदामों में गेहूं का भंडारण एक जून को 29.91 मिलियन टन था। यह बीते 16 सालों में सबसे कम था। सर्वाधिक उत्पादन होने के बावजूद भंडारण इतना कम क्यों हुआ? तीसरे, अभी तक बहुत अच्छा मानसून नहीं हुआ है। यह चावल के उत्पादन को भी प्रभावित कर सकता है। हालांकि चावल के सरकारी भंडार पर्याप्त हैं। क्या खाद्य सुरक्षा पर किसी संकट के आसार हैं? गेहूं उत्पादन में तो भारत विश्व में नंबर दो का देश है। हम कई देशों को गेहूं निर्यात करते हैं। फिर गेहूं भंडारण की कमी और भंडारण सीमा का नियंत्रण समझ के परे है। गेहूं की भंडारण सीमा बीते साल जून में ही पहली बार लागू की गई थी। तब थोक विक्रेताओं और बड़े खुदरा व्यापारियों के लिए अधिकतम भंडारण की सीमा 2000 टन थी। निजी, एकल स्टोर के लिए 10 टन ही थी और प्रोसेसर के लिए पिसाई क्षमता का 75 फीसदी जमा की अनुमति थी। ये सीमा बाद में घटा कर 500 टन, 5 टन और 60 फीसदी कर दी गई। कारण आज तक अज्ञात हैं, क्योंकि बीते साल भी गेहूं का उत्पादन अच्छा हुआ था। जो सीमा घटाई गई, वह फरवरी, 2024 तक थी, लेकिन एक अप्रैल को नई फसल, नई पैदावार आने से भंडारण सीमा फिर बढ़ा दी गई। निजी व्यापारियों को बता दिया गया कि वे किसानों द्वारा लाया गया गेहूं न खरीदें। कमोबेश एक महीने तक खरीददारी न करें। यह इसलिए किया गया, ताकि सरकार अपने भंडारण को मजबूत कर सके। बहरहाल अब फसल की मार्केटिंग का मौसम गुजर चुका है और सरकार ने भंडारण की अधिकतम सीमाएं भी तय कर दी हैं, लिहाजा सवाल है कि भंडारण के नियंत्रण कैसे तय किए जाएंगे? गैर-बासमती चावल और गेहूं के निर्यात पर जो पाबंदियां हैं, रोक हैं, उन पर कैसे निगाह रखी जा सकेगी? यह भी तथ्य है कि अनाज की पैदावार रिकॉर्ड हो रही है। मोदी सरकार एक नियंत्रण को कृषि मंत्रालय के जरिए और दूसरे को उपभोक्ता मामलों, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण के मंत्रालयों के माध्यम से क्रियान्वित नहीं कर सकती। भारत जितना व्यापक और विविध देश है, उसके कोने-कोने में जमाखोरी की 'काली भेड़ों' पर भी आंख गढ़ाए रखना असंभव है। बंपर फसलों के बावजूद मुद्रास्फीति कैसे और क्यों बढ़ती है, यह भी चिंतित सवाल है। इन सवालों के संदर्भ में मोदी सरकार को जरूर सोचना चाहिए। जमाखोरी रोकने के लिए कड़े कानूनों का निर्माण किया जाना चाहिए।

# अंडर-17 बॉयज टूर्नामेंटमें मॉडर्न स्कूल चैंपियन



देहरादून। सेलाकुई इंटरनेशनल स्कूल द्वारा आयोजित, छह दिवसीय आईपीएससी अंडर-17 बॉयज फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन रोमांचक फाइनल मुकाबले के साथ हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि श्रीमती संगीता केन, प्रिंसिपल वेल्हम बॉयज के साथ साथ स्कूल कार्यकारी समिति के सदस्य, इंडियन पब्लिक स्कूल्स कॉन्फ्रेंस (आईपीएससी) और बोर्डिंग स्कूल्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (बीएसएआई) के बोर्ड सदस्य उपस्थित रहे। टूर्नामेंट में डेली कॉलेज- इंदौर, एमराल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल- इंदौर, हैदराबाद पब्लिक स्कूल- हैदराबाद, जेनेसिस ग्लोबल स्कूल- नोएडा, मॉडर्न स्कूल- बाराखंभा रोड, पाइनग्रोव स्कूल- धरमपुर, बी.के. बिड़ला- पुणे, लॉरेंस स्कूल- सनावर, पंजाब पब्लिक स्कूल- नाभा, सैनिक स्कूल- गोलपाड़ा, और सेलाकुई इंटरनेशनल स्कूल- देहरादून सहित कुल 11 स्कूलों ने भाग लिया। फाइनल मैच में पाइनग्रोव स्कूल और मॉडर्न स्कूल के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। दोनों टीमों ने असाधारण कौशल और अटूट दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों को अपनी सीटों से बांध रखा। अंततः, मॉडर्न स्कूल, बाराखंभा 4-1 स्कोर लाइन के साथ विजयी हुआ, इस फाइनल मैच में मॉडर्न स्कूल- के खिलाडियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुये उसके खिलाड़ी जय सिंह ने 02 गोल तथा आयुष जोशी ने 02 गोल किये वही पाइनग्रोव स्कूल- धरमपुर के अर्पित शर्मा ने टीम की तरफ से मात्र 01 गोल किया। इस के साथ मॉडर्न स्कूल- बाराखंभा ने सम्मानित ट्रॉफी हासिल की और टूर्नामेंट के चौंपियन के रूप में अपना नाम दर्ज कराया। प्रथम उपविजेता, पाइनग्रोव स्कूल, धरमपुर को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए योग्य प्रमाण पत्र, पदक और एक ट्रॉफी प्राप्त प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त, एमराल्ड हाइट्स, इंदौर को उनके सराहनीय प्रयास के लिए प्रमाण पत्र, पदक और ट्रॉफी प्रदान करते हुए दूसरे रनर-अप के रूप में मान्यता दी गई। समारोह में पूरे टूर्नामेंट में उत्कृष्ट व्यक्तिगत योगदान को भी मान्यता दी गई। प्रतिष्ठित उभरते खिलाड़ी का पुरस्कार एमराल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल, इंदौर के तीरथ कंसल को प्रदान किया गया, जबकि प्रतिष्ठित सबसे मूल्यवान खिलाड़ी का पुरस्कार मॉडर्न स्कूल, ऋषभ नेगी को दिया गया। सेलाकुई इंटरनेशनल स्कूल, देहरादून को फेयर प्ले अवार्ड प्रदान कर निष्पक्ष खेल की भावना को उजागर किया गया। इसके अतिरिक्त, सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का सम्मान करने वाला गोल्डन ग्लव अवार्ड अनिरुद्ध सिंह, एमराल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल, इंदौर को दिया गया, जबकि टूर्नामेंट के शीर्ष स्कोरर को मान्यता देने वाला गोल्डन बूट पुरस्कार मॉडर्न स्कूल, बाराखंभा के अनिरुद्ध सिंह को टूर्नामेंट में 10 गोल करने के लिए प्रदान किया गया। टूर्नामेंट का सफल संचालन उत्तराखंड फुटबॉल रेफरी एसोसिएशन के समर्पण के बिना संभव नहीं होता, जिसके अनुभवी निर्णायकों ने सभी मैचों में निष्पक्ष खेल सुनिश्चित किया।श्रीमती संगीता केन ने संबोधन में युवा खिलाड़ियों की प्रतिभा और खेल कौशल की सराहना की। उन्होंने एक मूल्यवान सबक पर भी जोर दिया- खेले गए प्रत्येक मैच से सीखना आत्म-सुधार के लिए महत्वपूर्ण है।आईपीएससी फुटबॉल टूर्नामेंट उपलब्धि की भावना के साथ संपन्न हुआ, जिसने खिलाड़ियों, कोचों और दर्शकों पर समान रूप से अमिट छाप छोड़ी। खेल भावना की प्रतिबद्धता और भविष्य की प्रतिभा का वादों से यह आयोजन चमक उठा और वास्तव में यादगार आयोजन बन गया।

## ओम शब्द का जीवन मे महत्व

हिन्दू सत्य-सनातन-संस्कृति में पवित्र शब्द ऊं को बहुत ही शक्तिशाली व सार्वभौमिक रूप में बहुत ही महत्वपूर्ण माना गया है इस पवित्र शब्द में पूरा का पूरा बाहमाडं समाया है यह केवल ध्वनि ही नहीं अपितु अन्नत शक्ति का प्रतीक है सृष्टि सृजन से पुर्व भी इसका अस्तित्व माना गया है यह एक अनहद नाद शब्द है बाह्मण्डं की उत्पत्ति व पूरी सृष्टि का घोतक है किसी मंत्र व आरती-पूजा की शुरुआत करने से पहले इस पवित्र शब्द का प्रयोग अक्सर किया जाता है ओम शब्द त्रिदेव का प्रतिनिधित्व करता है ओम शब्द धर्म ,अर्थ, काम और मोक्ष चारों पुरुषार्थों का प्रदायक है यह शब्द अ+उ+म से मिलकर बना एक युग्म है अ क्रमशः नाभि मणिपूर चक्र,ऊं अनाहद चक्र हृदय,म आज्ञा चक्र तिलक, बिंदी त्रिनेत्र स्थान को प्रभावित करता है यह निर्माण, संरक्षण, और रूपान्तरण को व्यक्त करता है जब सभी ध्वनियां एक साथ एकत्र होती है तब ओम शब्द बनता है यह अपने आप में एक पूर्ण शब्द है इसकी चेटिंग करने से वोकलकाड साफ होता है तथा आवाज मधुर होती है यह मन की एकाग्रता व स्मरण शक्ति बढ़ाने वाला, ध्यान लगाने वाला व तनाव कम करने वाला है तथा मिर्गी रोग का हरण करने वाला है यह नशा आदि व्यसनो मुक्ति दिलाने वाला ब्लड सर्कुलेशन ठीक करने वाला,पाचनतंत्र, करनेवाला,थायराइड रोग दूर करने वाला व हृदय की धड़कनो को व्यवस्थित करने वाला है इससे नाड़ी तंत्र व श्वसनतंत्र मजबूत बनाता है यह ईश्वर से जुड़ने वाला तथा मोक्ष प्राप्ति में मददगार है विश्व प्रसिद्ध योगाचार्य बी,के, अयंगर की पुस्तक लाइट आन योगा, के अनुसार ओम अतीत, वर्तमान और भविष्य को दर्शाता है यह सर्वज्ञता, सर्वव्यक्तता, सर्वशक्तिमानता को व्यक्त करता है इससे आभामंडल औरा साफ होता है इससे इम्युनिटी बढ़ती है अनिद्रा, डिप्रेशन, अल्जाइमर जैसी बिमारियों के इलाज में कारगर है शरीर के कफ , पित्त,वात में समांजस्य बिठाने में कारगर है रह शरीर की नकारात्मक ऊर्जा को दूर कर सकारात्मक ऊर्जा बढ़ाने वाला है इसका निरन्तर अभ्यास करने मनुष्य जीवन में उत्थान व लक्ष्य प्राप्ति में मददगार साबित होता है। **-नरेश छाबड़ा, रूद्रपुर**

## 16 घण्टे तक विद्युत सेवा बाधित रहने से उपभोक्ता हुए परेशान

बागेश्वर( उद संवाददाता) ।तेज गर्मी के बीच बुधवार रात में विद्युत लाइन के तार जलने के बाद ट्रांसफार्मर में खराबी आने से जहां एकतरफ आधी रात तक उपभोक्ताओं को बिना विजली के ही आधीरात तक अंधेरे में बिना पंखे चलाए गर्मी में रात काटनी पड़ी, वही व्रहस्पतिवार को फिर सुबह से ही घरों की विजली गुल हो गई।और मजियाखेत, आदर्शकलोनी सहित गोमती पुल के उपभोक्ताओं को दिन भर विजली नही आने से परेशानी उठानी पड़ी, लगातार दो दिनों से नगरक्षेत्र में विद्युत सेवा बाधित होने से उपभोक्ताओं को भीषण गर्मी में बिना पंखे के गर्मी का सामना करना पड़ा।वही दिन भर बत्ती गुल होने से उपभोक्ताओं में ऊर्जा निगम के खिलाफ रोष दिखा, वही विद्युत विभाग के कर्मी लगातार दिनभर फॉल्ट ठीक करने में जुटे रहे, लोग लगातार विजली नही होने की शिकायत दर्ज कराते रहे, वही कई व्यवसायिक इकाइयों में फ्रिज में रखा दुग्ध उत्पाद और आइसक्रीम खराब हो गया, जिस कारण दुकानदारों को भी काफी नुकसान उठाना पड़ा।वही आम उपभोक्ताओं को अपने कपडे प्रेस करने सहित अन्य राजमिस्त्रियों द्वारा घर मे मशीनों से अपने इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का प्रयोग नही कर पाने से परेशानी उठानी पड़ी।वही दिन बत्ती गुल होने के बाद देर शाम विद्युत सेवा सुचारू हो पाई।उपभोक्ता पंकज मेहता, राजेन्द्र सिंह, कैलाश गड़िया, नन्दन सिंह, गोविंद सिंह, मदन सिंह, कमला पाठक,भावना मेहता, पूजा, रश्मि, सीमा मोहनीदेवी, आदि ने विद्युत विभाग पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए आए दिन विद्युत लाइन में फॉल्ट आने और क्षेत्र में अधिक भार क्षमता का अब तक ट्रांसफार्मर नही लगाने के आरोप लगाते हुए शीघ्र अधिक क्षमता का ट्रांसफार्मर लगाने की अपील की है।वही जल्द समस्या का समाधान नही करने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।वही एसडीओ देबेन्द्र खोलिया ने बताया कि क्षेत्र में अत्यधिक ओवरलोड होने से विद्युत तार जलने से विद्युत सेवा बाधित हुई, जल्द नया अधिक भार क्षमता का ट्रांसफार्मर लगाया जाएगा।

# बढ़ते अपराधों के खिलाफ कांग्रेसियों ने फूंका भाजपा सरकार का पुतला

रूद्रपुर। प्रदेश में बढ़ते अपराधों के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने डीडी चौक पर विरोध प्रदर्शन करते हुए सरकार का पुतला फूंका। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने भाजपा सरकार पर अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए इस्तीफे की मांग की। प्रदेश स्तरीय विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम के तहत जिला अध्यक्ष की अगुवाई में तमाम कार्यकर्ता डीडी चौक पर एकत्र हुए। बढ़ते अपराधों के विरोध में कांग्रेसियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए पुतले को आग के हवाले किया। दौरान मुख्यमंत्री धामी के खिलाफ भी जमकर नारेबाजी की गयी। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं ने कहा कि भाजपा सरकार में अपराधियों और भ्रष्टाचारियों का बोलबाला है। भाजपा सरकार के दो वर्ष के कार्यकाल में राज्य में हत्या, चोरी, डकैती, मासूमों से बलात्कार जैसे जघन्य अपराधों की घटनाओं में भारी वृद्धि हुई है। अंकिता भण्डारी हत्याकाण्ड, हेमा नेगी हत्याकाण्ड, पिंकी हत्याकाण्ड, मुख्यमंत्री के विधानसभा क्षेत्र में नाबालिग से बलात्कार के बाद अब हरिद्वार जनपद के बहादराबाद में 13 साल की मासूम के साथ सामूहिक बलात्कार और हत्या की घटना ने देवभूमि को शर्मसार किया है। कांग्रेसियों ने कहा कि महिला अत्याचार की इन घटनाओं से गिरती कानून व्यवस्था उजागर होने के साथ-साथ राज्य की अस्मिता पर भी भारी चोट पहुंची है। महिला अपराध की अधिकतर घटनाओं में सत्ताधारी दल भाजपा से जुड़े लोगों का नाम सामने आने के कारण राज्य पुलिस पर इन घटनाओं में लीपापोती का दबाव बनाया जा रहा है। बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ का नारा देने वाली भाजपा की सरकार में बेटियां सुरक्षित नहीं है। भाजपा के नेता ही बेटियों का शोषण कर रहे हैं। भाजपा के राज में पुलिस भी बेटियों के साथ अत्याचार कर रहा है। पंतनगर में एक युवती के पर थानाध्यक्ष द्वारा अनैतिक सम्बंधों का दबाव बनाने की कोशिश से साफ हो चुका है कि भाजपा के राज में कानून के रखवाले भी कानून का मजाक उड़ा रहे हैं। जिलाध्यक्ष ने कहा कि ऐसी घटनाओं पर कांग्रेस चुप नही बैठेगी। इस अवसर पर सतीश कुमार, सुनील आर्या, अर्जुन विश्वास,बाबू विश्वकर्मा, योगेश चौहान, हरिंदर पाल, उमा सरकार, रिक्की कुमार गुप्ता, पप्पू जोशी, राजेश कुमार, सुरेश यादव, लता, विरेन्द्र कोली, भूपेन्द्र कुमार, परवेश कुरैशी, मोहन कुमार, राजीव राठौर, विकास विश्वास, असीम पाशा, संजय गुप्ता, इदरीश गोला, दीपक शर्मा, सुरेश यादव, संजीव राठौर, निरोद अधिकारी, निसार अहमद, लनीफ, इरशाद, अजगर,मनोज कुमार, राधेश बंसल, राजेश कुमार आदि समेत तमाम कांग्रेसी थे।



# पंतनगर थानाध्यक्ष के खिलाफ एसएसपी से मिले पूर्व विधायक राजेश शुक्ला



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। महिला के साथ थानाध्यक्ष पंतनगर की अश्लील वार्ता का ऑडियो वायरल होने के बाद अभी तक कार्यवाही न होने से उपजे आक्रोश के सबंध में पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने शुक्रवार को कार्यकर्ताओं के साथ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टिसी से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि पंतनगर थानाध्यक्ष द्वारा एक महिला से अश्लीत वार्ता का ऑडियो जारी हुआ है। जिससे पुलिस विभाग की छवि धूमिल हो रही है। इस तरह का आचरण निंदनीय है और इस घटना को लेकर पतंगार व आस पास के क्षेत्र में जनता में आक्रोश है। उन्होंने एसएसपी से कहा उक्त प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा जाँच के दौरान आरोपी थानाध्यक्ष को निलम्बित कर पुलिस लाइन में हाजिर कराया जाए तथा जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषियो के विरुद्ध कार्यवाही की जाए।

## पत्रकार प्रेस परिषद काशीपुर इकाई के प्रकाश जोशी अध्यक्ष

रुद्रपुर/हल्द्वानी। पत्रकार प्रेस परिषद (इंडिया) के कुमाऊं मंडल प्रभारी अशोक गुलाटी ने काशीपुर के वरिष्ठ पत्रकार प्रकाश चंद जोशी को पत्रकार प्रेस परिषद (इंडिया) का काशीपुर नगर अध्यक्ष नियुक्त कर उन्हें एक सप्ताह के भीतर कार्यकारिणी गठित करने को निर्देशित किया है। श्री गुलाटी का आभार व्यक्त करते हुए पत्रकार प्रकाश जोशी ने कहा कि वे काशीपुर में संगठन को मजबूत बनाये रखते हुए समाज एवं पत्रकार हितार्थ कार्य करेंगे। जोशी के नगर अध्यक्ष नियुक्त होने पर पूर्व सांसद केसी सिंह बाबा, अनुसूचित जाति आयोग अध्यक्ष मुकेश कुमार, पूर्व दर्जा राज्यमंत्री राजेश कुमार, अनमोल फाउंडेशन के सतीश चौहान, बीडीसी मेम्बर धर्मपाल, मंडी परिषद डायरेक्टर परविंदर विर्क, कांग्रेसी नेता विमल गुड़िया, पत्रकार सुरेश शर्मा, उमेश कश्यप, विनोद भगत, अभिषेक रावत, आरडी खान, चंदन बंगारी, सुरेन्द्र तनेजा व सुरेन्द्र गिरधर आदि ने उन्हें बधाई दी है।




### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैने अपना नाम KAVITA RANI से बदलकर अब KAVITA KALRA कर लिया है अतः अब से भविष्य में मुझे KAVITA KALRA (कविता कालरा) पत्नी अजय कालरा के नाम से जाना, पहचान जाए।

पता-वार्ड नंबर 5 पुलिस चौकी केलाखेड़ा, बाजपुर, जिला उधम सिंह नगर उत्तराखंड

# औद्योगिक क्षेत्र की समस्याओं का प्राथमिकता से होगा निस्तारण:डीएम



रुद्रपुर(उद संवाददाता)। जनपद में उद्योगों को शांतिपूर्ण माहौल व बढ़ावा देने हेतु हर सम्भव सुविधाएं मुहैया कराई जायेंगी, यह बात जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने गुरूवार को डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में उद्योग मित्र की बैठक लेते हुए कही।जिलाधिकारी ने कहा कि उद्योगों के विकास तथा संरक्षण हेतु जिला प्रशासन द्वारा हर सम्भव सुविधाएं प्राथमिकता से मुहैया कराई जायेंगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि औद्योगिक आस्थानों से सम्बन्धित कार्यों तथा समस्याओं का व्यक्तिगत रूचि लेते हुए प्राथमिकता से समाधान किया जाये।उन्होंने उद्यामियों द्वारा इुजीनियरिंग उद्योगों में संविदा श्रमशक्ति नियोजन की अनुमति के अनुरोध पर सहायक श्रमायुक्त को इस हेतु शासन को पत्र भेजने के निर्देश दिये। बैठक में उद्यामियों द्वारा सिडकुल परिसर में दुकानों एवं शोचालयों के आबंटन का अनुरोध किया जिस पर उपजिला अधिकारी ने बताया कि सिडकुल में निर्मित दुकानें संगठित रूप से नहीं बनी है जिससे भूमि का सदुपयोग नहीं हो पा रहा है, दुकानदारों से वार्ता कर दुकानों के स्थान पर सुनियोजित रूप से कॉम्पलेक्स का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने ईएसआईसी अस्पताल से सिडकुल पन्तनगर के जोडने के लिए कनैक्टिंग रोड पर तेजी से कार्य कराने के निर्देश क्षेत्रीय प्रबन्धक सिडकुल को दिये। उन्होंने एल्डिको सिडकुल औद्योगिक पार्क सितारगंज के फेज-2 में विद्युत आपूर्ति हेतु नए सब स्टेशन निर्माण में तेजी लाते हुए उसे ऊर्जीकृत करने के निर्देश दिये इस हेतु उन्होंने अधिशाासी अभियन्ता यू0पी0आर0एन0एन0 को वार्ता करने के निर्देश भी दिये। उन्होंने उद्यामियों के अनुरोध पर एल्डिको सिडकुल औद्योगिक पार्क सितारगंज में सड़क करे सुदृीकरण एवं चौड़ीकरण करने के निर्देश दिये जिस पर अधिशासी आभियन्ता ने बताया कि सड़क का सुदृीकरण कार्य कर दिया गया है तथा चौड़ीकारण हेतु फोरलेन का प्रस्ताव पी0पी0 मोड पर शासन को प्रषित किया गया है जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि यह सड़क बहुत महत्वपूर्ण है इसलिए उच्च अधिकारियों को अवगत कराते हुए प्रस्ताव की प्रति जिला कार्यालय में उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने थर्ड पार्टी ऑडिट के सम्बन्ध में शासन से पत्राचार करने के निर्देश एएलसी व जीएम डीआईसी को दिये। उन्होंने उद्यामियों के अनुरोध पर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का क्षेत्रीय कार्यालय रूद्रपुर में खोलने हेतु कार्यवाही करने के निर्देश क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी को दिये। सिड़कुल काशीपुर में अंतारिक सड़क मार्ग नाली निर्माण व स्ट्रीट लाइट के रख-रखास की मांग पर क्षेत्रीय प्रबंधक सिडकुल काशीपुर ने बताया कि सिडकुल के अंतारिक मार्गों के कार्यों का 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है जिसके भुगतान हेतु शासन को पत्र प्रषित कर दिया गया है शीध्र लो0नि0वि0 को भुगतान कर दिया जायेगा। उद्यामियों द्वारा नवीनीकृत हो चुके मैथेनॉल लाईसेन्स की वैद्यता 05 वर्ष करने का अनुरोध किया जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि यह शासन स्तर का मामला है इसलिए शासन पत्र प्रेषित कर वार्ता भी करें। बैठक में उपजिला अधिकारी मनीष बिष्ट, महाप्रबन्धक उद्योग विपिन कुमार, अपर मुख्य अधिकारी तेज सिंह, एएलसी दीपक कुमार, जिला पर्यटन विकास अधिकारी लता बिष्ट, केजीसीसीआई से आरके गुप्ता, आरके मिडडा, अशोक बंसल, एसईडब्ल्यूएस के अध्यक्ष श्रीकर सिंहा, सहित अनेक उद्यमि व अधिकारी उपस्थित थे।

# मांगों को लेकर शुरू किया अनिश्चितकालीन धरना

बागेश्वर(उद संवाददाता)।लाहुरघाटीक्षेत्र के लोगों को क्षेत्र की समस्याओं का लम्बे समय से समाधान के आश्वासन के बाद भी समस्याओं का हल नही होने पर क्षेत्रीय जनता ने अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है।ग्रामीणों ने सड़क शिक्षा,जूनियर हाईस्कूल का उच्चीकरण करने,सुराग, भगदानु,मोपटामोटर मार्ग का निर्माण करने,पर्यटन स्थल पांडव स्थल का विकास करने,जूनियर हाईस्कूल जखेड़ा का उच्चीकरण करने, सुराग सड़क में नाली निर्माण और सड़क का डामरीकरण करने



की मांग को लेकर लम्बे समय से मांग के बाद भी कोई सुध नही लेने पर शासन-प्रशासन के खिलाफ रोष जताते हुए नाराजगी जताई।वही क्षेत्रीय लोगों ने एकजुट होकर अपनी मांगों के निराकरण के लिए आंदोलन के माध्यम से आरपार की लड़ाई लड़ने और मांगो के पूरा होने तक आंदोलन जारी रखने की चेतावनी दी है।वही धरने पर लाहुर घाटी विकासमंच के सचिव आनन्द सिंह कुंवर,लमचूला प्रधान प्रकाश सिंह,जखेड़ा प्रधान, सहितग्राम प्रधान सुराग, चम्पा,रणजीत सिंह, केदार सिंह, तारा सिंह,चंद्रशेखर,लछिमा देवी, धनुली देवी,पुष्कर सिंह आदि तमाम ग्रामीण मौजूद थे।

# थानाध्यक्ष पर दो दिन में कार्रवाई नहीं हुई तो बेमियादी धरने पर बैठेंगे बेहड़



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। युवती से अश्लील बातचीत का आडियो जारी होने के बाद भी आरोपी पंतनगर थानाधयक्ष के खिलाफ कोई कार्रवाई न होने से रोषित किच्छा के विधायक तिलकराज बेहड़ ने एसएसपी को दो टूक चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि दो दिन में आरोपी थानाध्यक्ष को निलंबित कर उनके विरूद्ध मुकदमा दर्ज नहीं किया गया तो वह एसएसपी कार्यालय में बेमियादी धरना शुरू कर देंगे। जिसकी जिम्मेवारी पुलिस प्रशासन की होगी। अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत करते उन्होंने कहा कि अभी तो महज पुलिस के एक अधिकारी का खुलासा किया है यदि थानाध्यक्ष के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो वह जल्द ही पुलिस के कई और कारनामों का खुलासा करेंगे। श्री बेहड़ ने कहा कि उन्होंने अपने जीवन में पहली बार देखा है एसएसपी कार्यालय से किसी नेता के एसएसपी से मिलने के कार्यक्रम की कवरेज के लिए पत्रकारों को आमंत्रित किया गया हो। उन्होंने कहा कि इसकी जानकारी पुलिस आलाधिकारियों को देकर जांच कराने की मांग की है।

# मिनी बाईपास सहित 2.38 करोड़ के टेंडर जारी

## भाजपाइयों ने मुख्यमंत्री, सांसद, सहित जिला अध्यक्ष का किया आभार व्यक्त



गदरपुर(उद संवाददाता)। भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना के नेतृत्व में अभिषेक वर्मा के प्रतिष्ठान पर एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया जिसमें नगर पालिका गदरपुर से 2 करोड़ 38 लख रुपए के टेंडर जारी होने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, सांसद अजय भट्ट, काशीपुर के जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा सहित पालिका प्रशासन का आभार व्यक्त किया ।मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना ने बताया कि बताया कि नगर के विभिन्न वार्डों में विकास कार्यों की एक लिस्ट हमारे द्वारा बनाई गई थी जो जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा द्वारा शासन को भेजी गई थी जिसके बाद उन में काफी कामों की स्वीकृति मिली बाद उनमें से अधिकतम कामों का नगर पालिका ने बीते दिन टेंडर जारी किया है जिसमें गदरपुर का मिनी बायपास कहीं जाने वाली सड़क के निर्माण का कार्य भी शामिल है इस रोड पर पढ़ने वाले कई स्कूलों के हजारों बच्चे उसे रोड से होकर गुजरते हैं और आवास विकास के लोगों की भी वह सड़क बनने से काफी परेशानियां दूर होगी सुरेश सुराना ने कहा कि भाजपा सरकार में नगर के हर वार्ड में विकास कार्य करवाए जाएंगे वही मंडल महामंत्री अभिषेक वर्मा ने बताया कि नगर पालिका में पूर्व में भेदभाव के साथ विकास कार्य किए जाते थे अगर किसी सभासद से मेलजोल नहीं है तो उसके पूरे वार्ड को ही विकास कार्यों से काफी हद तक दूर रखा जाता था लेकिन अब ऐसा नहीं है जिसके वार्ड में जो काम होने होते हैं वह हो रहे हैं वहीं अभिषेक वर्मा ने बताया कि जिसके वार्ड में जो जरूरी कार्य रह गए हैं वह मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना जी के प्रतिष्ठान पर पहुंचकर नोट करा दें प्रयास रहेगा की अगले राउंड में उन कामों को भी प्राथमिकता के साथ कराया जाए। इस दौरान महामंत्री अभिषेक वर्मा,मनोज गुम्बर मिंटू,परमजीत सिंह पम्मा,राजेन्द्र कटारिया, सूरज गुप्ता, नरेश हुड़िया, किशन गुप्ता, मनोज शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# पेज एक का शेष...

**तीन दिवसीय व्हीलचेयर.....** इस अवसर पर व्हीलचेयर बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण अहलावत, सचिव लुईस जॉर्ज, कोषाध्यक्ष मुकेश योगी, प्रदेश सचिव हरीश चौधरी, प्रधानाचार्य संजीव स्टीफन, अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी शरद जोशी, सत्य प्रकाश सीमा नेगी हर्षित वैभव साक्षी चौहान रेखा मेहता प्रेम विश्वास मनोज परमार मोहित कुमार आलोक तिवारी सुनील शर्मा गुरजीत कैमरा सुबोध कुमार आसिफ निर्मला मेहता भुवन चंद गुणवंत आदि रहे।

**'उपचुनाव' के लिए कांग्रेस.....**समय वह हरियाणा के सिरसा लोकसभा सीट से अपने चुनाव में ही व्यस्त रहीं। उपचुनाव में भी चुनावी रणनीति बनाने के लिए प्रदेश प्रभारी ने उत्तराखंड आकर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक कर रणनीति पर चर्चा नहीं की ।उन्होंने प्रत्याशियों के पैनल पर प्रदेश नेताओं के साथ केवल वर्चुअल बैठक के माध्यम से अपनी जिम्मेदारी को निभाया । ले- देकर प्रदेश की सह प्रभारी दीपिका पांडे का एक दौरा उत्तराखंड में अवश्य हुआ, लेकिन वे भी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ किसी बैठक में सम्मिलित नहीं हुई और प्रत्याशियों के नामांकन सभा में शामिल होने के बाद वापस लौट गईं। बावजूद इसके कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा का दावा है कि कांग्रेस पार्टी दोनों सीट पर मजबूती से चुनाव लड़ रही हैं और प्रदेश के सभी वरिष्ठ नेता दोनों सीटों पर प्रत्याशियों के समर्थन में जबरदस्त प्रचार कर रहे हैं। माहरा के अनुसार प्रदेश प्रभारी की ओर से भी लगातार वर्चुअल और दूरभाष पर दिशानिर्देश प्राप्त हो रहे हैं तथा प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुसार ही उपचुनाव में जीत की रणनीति पर आगे बढ़ा जा रहा है।

**निजी अस्पताल में दरोगा....**वर्षीय नरेश कुमार पुत्र सियाराम को विगत दिवस उपचार के लिए नगर के सिविल लाईन स्थित एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था। परिजनों का आरोप है कि नरेश की गुरूवार प्रात: मौत हो चुकी थी परंतु चिकित्सालय के चिकित्सक या कर्मी परिजनों को उनसे मिलने नहीं दे रहे थे। शाम को जब मामले से यूपी पुलिस को अवगत कराया गया तो वहां से पुलिस अधिकारी यहां पहुंचे जिसके बाद रात्रि करीब 9 बजे सभी जब नरेश से मिलने गये तो चिकित्सकों ने बताया कि उनकी मौत हो गई है। जिस पर परिजन भड़क गये और उन्होंने हंगामा करना शुरू कर दिया। उनका आरोप था कि कल सुबह से उन्हें नरेश से नहीं मिलने दिया जा रहा था और उपचार के करीब डेढ़ लाख रूपये भी ले लिए। उनकी मौत को रात्रि तक घंटों क्यों छिपाया गया? परिजनों ने पुलिस से मामले की जांच कराकर कार्रवाई करने की मांग की है। वही दूसरी ओर चिकित्सालय के प्रमुख चिकित्सक ने बताया कि मरीज नरेश हृदय रोग से पीड़ित थे और उन्हें डायबिटीज भी थी। बिजनौर से मरीज को काफी गंभीर हालत में परिजनों द्वारा यहां लाया गया था। उस दौरान परिजनों को स्पष्ट रूप से कह दिया गया था कि हालत बेहद गंभीर है वह अपनी ओर से इन्हें बचाने का पूरा प्रयास करेंगे। उपचार के दौरान उनकी मौत हो जाने पर रात्रि में कुछ लोगों ने नशे की हालत में चिकित्सालय में गलत व्यवहार किया। डाक्टर ने बताया कि उन्होंने इसकी जानकारी यूपी पुलिस के अधिकारियों को दी। जिन्होंने यहां आकर परिजनों का समझाया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पोस्टमार्टम हाउस पर पुलिस के तमाम अधिकारियों कर्मचारियों के साथ ही पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने भी पहुंचकर मामले की जानकारी ली और परिजनों को ढांढस बंधाया।

**रूद्रपुर के गोलीकाण्ड का....** सुनकर और प्रशांत को घायल देखकर उनके भाई और दोस्त मौके पर पहुंचे और उन्हें एक निजी अस्पताल ले गए, जहां से उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया। प्रशांत के पैर और जांघ में गोली लगी है। इस मामले का अब यूके कनेक्शन सामने आया है। इंग्लेण्ड में बैठे युवक ने इस गोली काण्ड से सम्बंधित एक पोस्ट से खलबली मचा दी है। सहज विर्क नाम की प्रोफाईल से की गयी इस पोस्ट की पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है।

**नीट को लेकर संसद ....** जोड़कर सदन से निवेदन किया। दोनों सदनों की कार्यवाही फिर शुरू होने पर विपक्ष ने नीट के मुद्दे पर हंगामा शुरू कर दिया। विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने नीट का मामला उठाते हुए विपक्षी सांसदों के साथ मिलकर इस मामले पर चर्चा की मांग की। स्पीकर ओम बिरला ने जोर देकर कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा पहले की जाए। राहुल गांधी ने कहा कि हम विपक्ष और सरकार की ओर से भारत के छात्रों को एक संयुक्त संदेश देना चाहते थे कि हम इसे एक महत्वपूर्ण मुद्दा मानते हैं। इसलिए, हमने सोचा कि छात्रों के सम्मान के लिए हम आज नीट पर चर्चा करेंगे। राहुल ने कहा कि यहां दो शक्तियां है एक जो चर्चा चाहती एक जो नहीं। हंगामे के चलते सदन पुन: 12 बजे तक स्थगित करना पड़ां उसके बाद पुन: सोमवार 11 बजे तक के लिए सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गयी।

**आधी रात में काल बनकर ....** दोनों के रोने चिल्लाने पर राहुल जागा तो बच्चों के पास ही सांप बैठा था। सांप ने दोनों बच्चों के हाथ पर डस रखा था। कुछ ही देर में दोनों बच्चे बेहोश हो गये।शोर सुनकर आस पास रह रहे अन्य मजदूर भी वहां पहुंच गये। मजदूरों ने सांप को पकड़कर डिब्बे में बंद कर दिया और दोनों बच्चों को उपचार के लिए रामनगर सरकारी अस्पताल लाया गया। जहां दोनों की हालत चिंताजनक देखते हुए सुशीला तिवारी अस्पताल हल्द्वानी रैफर कर दिया गया। गुरुवार शाम को नित्या की उपचार के दौरान मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद नित्या के शव को दफराने की तैयारी की जा रही थी इसी बीच शुक्रवार सुबह छह वर्षीय दीप ने भी उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है । घटना के शोरूम में काम कर रहे अन्य श्रमिक भी दहशत में है। घटना के बाद मौके से कंपनी के जिम्मेदार लोग भी फरार बताये जा रहे हैं।

**टेम्पो चालक पर हमला....**और उसके पास से 4200 रुपए छीन लिये। शोर शराबे की आवाज सुनकर आस पास के लोग आ गए। जिन्हें देखकर उक्त चारो लड़के जान से मारने की धमकी देकर अपनी दोनों मोटर साईकिल से फरार हो गए। मारपीट में उसके सिर व अन्य अंगों पर चोटें आई हैं।

# जालसाजों ने लगाया 6.88 लाख का चूना

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। एक और व्यक्ति साइबर जालसाजी का शिकार बन गया। साइबर जालसाजों ने उसे 6.88 लाख रूपए का चूना लगा दिया। पीड़ित ने साइबर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। अवधेश कुमार पुत्र राम नरेश निवासी फैन्ड कालौनी हल्द्वानी ने साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है कि उसके मोबाइल नंबर पर व्हाट्सअप पर शेयर मार्केटिंग व ट्रेडिंग सीखने के लिए एक मैसेज आया और ग्रुप से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। जब वह राजी हुआ तो उसे ग्रुप से जोड़ दिया। ग्रुप में कई लोगों ने अपने-अपने प्रोफिट के स्क्रीन शॉट शेयर किए थे । जिसे देखकर मुझे भी भरोसा हो गया था तथा उनके द्वारा शेयर मार्केटिंग से सम्बन्धित एक बेवसाईट पर रजिस्ट्रेशन कराकर अकाउण्ट खोल दिया। शुरूआत में उनके अनुसार मार्केटिंग टेड्रिग मे निवेश के लिए पहली किस्त के रूप में 15 हजार रूपए जमा कराए गए। इस तरह से उसने 6.88 हजार रूपए करा दिए। जब उसने ग्रुप से जुड़े दूसरे लोगों से अन्य जानकारी के लिए फोन किया तो संपर्क नहीं हुआ जिसकेब ाद उसे ठगी होने का एहसास हुआ। पीड़ित ने साइबर जालसाजों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए धनराशि वापस दिलाने की गुहार लगाई है।

# स्पर्श मेले का आयोजन तीन जुलाई को

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)।विंग कमाण्डर सी0एस0ए0 गुप्ता अ0प्रा0 ने बताया कि भारतीय सेना के उत्तर भारत मुख्यालय द्वारा पूर्व सैनिकों/सैन्य वीरांगनाओं हेतु दिनॉक 03 जुलाई, 2024 को आर्मी के गोरखा हॉल आडिटोरियम, अल्मोड़ा में स्पर्श मेले का आयोजन किया जा रहा है जिसमें पेंशन/ईसीएचएस से सम्बन्धित समस्याओं का निराकरण किया जायेगा जिससे कि अधिक से अधिक पूर्व सैनिकसैन्य वीरांगनाएं लाभान्वित हो सकें। उन्होंने पूर्व सैनिकों/सैन्य वीरांगनाओं से अनुरोध किया है कि वे अपने साथ सेना से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर स्पर्श मेले का लाभ उठायें। इस सम्बन्ध में कार्यालय के दूरभाष न0 05962232210 एवं 230246 पर जानकारी के लिए सम्पर्क किया जा सकता है

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


गुरु माँ
A.C. चाहिए
Guru Maa Electronics आइये
घर ले जायें AC
मात्र 1 रुपये में
आज ही डिलीवरी आज ही इंस्टालेशन
BAJAJ FINSERV
CASH BACK WEEKEND UPTO 7500*
आधार लाये
उधार ले जाइये
SBI
CASH BACK UPTO 5%*
रुद्रपुर-काशीपुर बाईपास रोड I Mob: 9927882338